तापमान

अधिकतम 29.4 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

# कोई भी व्यक्ति, संस्था, समिति, संगठन अब कहीं भी खुली जगह पर बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन, रैली नहीं कर सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में अब किसी भी जगह बिना अनुमति धरना प्रदर्शन रैली वगैरह नहीं कर सकेंगे। खास बात ये है कि यह व्यवस्था राज्य के नगरीय क्षेत्रों के लिए लागू होगी। इस संबंध में नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। यह नियम एक समय में अधिकतम 500 से अधिक व्यक्तियों के जमाव एवं 5 हजार वर्गफीट के स्थान वाले आयोजनों पर लागू होगा। इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

***आयोजन से सात दिन पहले आवेदन देना होगा :*** नियम में यह बात भी शामिल है कि आयोजन के लिए संबंधित निकायों को सात दिन पहले आवेदन ⏭ शेष पेज 16 पर

## नगरीय निकाय क्षेत्रों के लिए सरकार का नया नियम, आयोजन का उद्देश्य भी आवेदन में बताना होगा

### अब बिना अनुमति ये नहीं कर सकते

छत्तीसगढ़ में अब कोई भी व्यक्ति संस्था, समिति या संगठन किसी खुले सार्वजनिक मैदान, सार्वजनिक मार्ग, फुटपाथ, चौराहे, या सार्वजनिक खुले स्थान पर पंडाल या अस्थायी संरचना बनाकर धरना, जुलूस, सभा, रैली बिना अनुमति नहीं कर सकेगा। इन स्थानों पर अनुमति प्राप्त करने ⏭ शेष पेज 16 पर



### अनुमति किसी भी समय निरस्त हो सकती है

आवेदन, अनुमति के बाद भी ये प्रावधान है कि इसे किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है। आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा दी गई ⏭ शेष पेज 16 पर

### पंडाल डाला तो ये व्यवस्था जरूरी

नियम में कहा गया है कि पंडाल, अस्थाई संरचना को स्थिर, सुरक्षित एवं यथासंभव अग्निरोधी सामग्री से बनाया जाना होगा। पंडालों, अस्थाई संरचनाओं हेतु अनुमति प्रदान करते हुए यथासंभव मुख्य सड़क या चौराहे में यह अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी यदि प्रदान की जाती है तो उक्त हेतु वैकल्पिक मार्गों का चिन्हांकन किया जाना अनिवार्य होगा। आयोजन समिति या आयोजक का यह अनिवार्य दायित्व होगा की आयोजन समाप्ति के पश्चात तत्काल स्थल पर साफ-सफाई कराएं। आयोजन समिति द्वारा स्थानीय नगरीय निकाय के परामर्श से अस्थायी शौचालयों, जलापूर्ति एवं अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करनी होगी। किसी भी पंडाल का निर्माण विद्युत तारों के ठीक नीचे नहीं किया जाएगा।

### आयोजन समिति की ये जिम्मेदारी होगी

आयोजन समिति या आयोजक का यह अनिवार्य दायित्व होगा की आयोजन समाप्ति के पश्चात तत्काल स्थल पर साफ-सफाई करावे एवं स्थल को मूल स्वरूप में लाए, किसी भी प्रकार की संरचना, खुदाई को स्थाई ना रखे जिससे कि भविष्य में किसी दुर्घटना या अप्रिय स्थिति निर्मित हो या धार्मिक दावो के रूप में इस्तेमाल किया जाये। किसी भी परिस्थिति में पंडालों में प्रवेश एवं निकास बिंदुओं को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जाना चाहिए। साथ ही पंडाल ऐसे स्थानों पर स्थापित नहीं किए जाएंगे, जहाँ यातायात, आपातकालीन पहुंच या सार्वजनिक उपयोग की सेवाओं में अवरोध उत्पन्न हो। आयोजन समिति द्वारा स्थानीय नगरीय निकाय के परामर्श से अस्थायी शौचालयों, जलापूर्ति एवं अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की जानी अनिवार्य होगी। इस हेतु आयोजन समिति संसाधन की उपलब्धता के अनुसार निकाय से सशुल्क सहयोग प्राप्त कर सकेगी।

## खबर संक्षेप



### फर्जी पुलिसकर्मी से पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस द्वारा गिरफ्तार फर्जी पुलिसकर्मी आशीष घोष को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। फर्जी पुलिस से पूछताछ करने पुलिस ने 6 सितंबर तक रिमांड हासिल की है। बताया जा रहा है, आशीष की कार से गंज थाना पुलिस की ड्यूटी चार्ट बरामद हुई है। साथ ही उसका कई टीआई के साथ संपर्क होने की बात सामने आई है। चर्चा है कि आशीष कई थानों के टीआई का करीबी रहा है। आशीष जिन टीआई के करीबी रहा है। उनके लिए आशीष द्वारा वसूली करने की बात सामने आई है। आशीष लंबे अरसे से फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लोगों को डरा-धमकाकर वसूली कर रहा था।

### कारोबारियों को ईडी ने जारी किया नोटिस

**रायपुर।** डीएमएफ घोटाले से जुड़े जिन कारोबारियों के ठिकानों में ईडी ने बुधवार को छापे की कार्रवाई की थी। उनसे पूछताछ करने ईडी ने नोटिस जारी कर ऑफिस तलब किया है। ईडी की टीम बुधवार देर रात छापे की कार्रवाई कंपलीट कर वापस लौट आई है। बताया जा रहा है कि छापे की कार्रवाई के दौरान ईडी को कृषि उपकरण तथा अन्य सामान के टेंडर के एवज में 42 प्रतिशत कृषि अधिकारियों को कमीशन दिए जाने के इनपुट मिले हैं। उक्त खेल में पूर्व में जेल भेजे गए मनोज द्विवेदी के सूत्रधार होने की जानकारी ईडी के अफसरों को मिली है।

### ज्वेलरी शॉप में चोरी चार गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एक पखवाड़ा पूर्व ज्वेलरी शॉप में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चंदखुरी फार्म मेनरोड स्थित मिशा ज्वेलरी शॉप के संचालक सुखनंदन कोसले की शिकायत पर पुलिस ने राज उर्फ भक्कू, विकास उर्फ लोचा, अज्जू देवार तथा बुधारू सोनवानी को गिरफ्तार किया है। चारों बदमाश 18-19 अगस्त दरमियानी रात ज्वेलरी शॉप का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने चोरों के कब्जे से 90 हजार रुपए के जेवर जब्त किए हैं।

### जमीन बिक्री का झांसा देकर ठगे एक करोड़

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक कारोबारी ने जमीन दलाल तथा अन्य के नाम से जमीन बिक्री करने का झांसा देकर इकरारनामा कर एक करोड़ रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। समता कालोनी निवासी शशिकांत तिवारी ने जमीन दलाल ताजदार खान, संजीत जांगड़े तथा अन्य के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। शशिकांत ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2024 में 40 किसानों की जमीन बिक्री करने का झांसा देकर संजीत तथा ताजदार ने किस्तों में उससे एक करोड़ रुपए ले लिए और जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराकर ठगी की है।

पूर्व में पकड़े गए नव्या, अयान तथा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने पीआर के लिए कोर्ट में अर्जी

# टूट रहा ड्रग के धंधे का तिलस्म, इवेंट की आड़ में नशे का कारोबार करने वाली मैनेजर समेत चार दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

हनी ट्रैप कर ड्रग खपाने वाले रैकेट में शामिल चार और पैडलर को क्राइम ब्रांच तथा गंज थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला शामिल है। पूर्व में गिरफ्तार नव्या मलिक, आयान परवेज के साथ जिन चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उन सभी से पूछताछ करने पुलिस ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर पुलिस रिमांड देने की मांग की है। एमडीएमए ड्रग रैकेट मामले में पुलिस ने अब तक नौ पैडलर को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक महासमुंद का रहने वाला है। कोर्ट ने तीन आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है। दो महिला आरोपियों को छह सितंबर तक के लिए पुलिस रिमांड स्वीकृत की है। एक अन्य आरोपी को पुलिस शुक्रवार को कोर्ट में पेश करेगी।

एमडीएमए ड्रग मामले में पुलिस ने जिन्हें गिरफ्तार किया है, उनमें तेलीबांधा निवासी विधि अग्रवाल, महासमुंद निवासी सोहेल खान, बैजनाथपारा निवासी जुनैद अख्तर तथा शंकर नगर निवासी ऋषिराज टंडन के नाम शामिल हैं। कोर्ट ने आयान, सोहेल तथा जुनैद को जेल भेजने का फैसला सुनाया है। विधि तथा नव्या की पुलिस रिमांड स्वीकृत की है। पुलिस के अनुसार ड्रग मामले में नव्या के साथ विधि की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## गिरफ्तार महिला तथा एक अन्य इवेंट की आड़ में ड्रग खपाने का काम करते थे



ड्रग कारोबार करने नव्या जिस मोबाइल का इस्तेमाल करती थी, वह पुलिस के हाथ लगा

मेंबर बनाने भराए जाते थे ऑनलाइन फार्म

दुबई, सिंगापुर की पार्टियों में शरीक रही नव्या



### विधि इवेंट मैनेजर

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक विधि अग्रवाल तथा ऋषिराज इवेंट मैनेज करते थे। इन दोनों के द्वारा जो इवेंट आयोजित किया जाता था, उसमें अपने कस्टमर को सोशल मीडिया के माध्यम से कोडवर्ड में मैसेज भेज कर बुलाया जाता था। इवेंट में शामिल होने वाले लोगों को एंट्री के समय मैसेज दिखाना पड़ता था, तभी अंदर प्रवेश दिया जाता था। किसी नए को शामिल करने के पहले कस्टमर को विधि तथा नव्या से अनुमति लेनी पड़ती थी। इसके बाद नए लोगों को आयोजित पार्टी में शामिल होने दिया जाता था।

### नौकरी देने का झांसा देकर फंसाया

जुनैद के बारे में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आयान ने उसे नौ हजार रुपए सैलेरी में अपने पास नौकरी पर रखा था। जुनैद महीनेभर पूर्व आयान के पास नौकरी करने के लिए गया था। इसी तरह से आयान ने सोहेल को झांसे में लेकर अपने साथ जोड़कर ड्रग पैडलर बनाया। आयान के कहने पर सोहेल तथा जुनैद पार्सल छोड़ने के लिए जाते थे।

### जेल में बंद मोनू, हर्ष की पीआर

नव्या के सहयोगी जेल में बंद हर्ष आहूजा तथा हरियाणा निवासी मोनू विश्नोई से पूछताछ करने पुलिस ने छह सितंबर तक पुलिस रिमांड ली है। विधि से पूछताछ के बाद पुलिस को हर्ष तथा मोनू के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। इसीलिए पुलिस ने इसकी पुष्टि करने दोनों को रिमांड पर लिया है।

### ज्यादातर इवेंट वीआईपी रोड के क्लब, होटल में

अपने कस्टमर की जरूरत के हिसाब से ड्रग लाने के साथ नव्या मलिक, विधि तथा ऋषिराज नए कस्टमर जोड़ने अलग से ड्रग लाते थे। नए कस्टमर जोड़ने इनके द्वारा वीआईपी रोड के होटल, क्लब, पब में इवेंट आयोजन किया जाता था। बताया जा रहा है, ड्रग लाने के लिए ऋषिराज नव्या तथा विधि को फाइनेंस करता था।

### ऋषिराज का नामचीन लोगों से परिचय

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक ऋषिराज की शहर के कई बड़े कारोबारी घराने के लड़कों, युवा कारोबारी तथा अफसरों के बेटों से पहचान है। इसका फायदा उठाते हुए विधि तथा नव्या, ऋषिराज की मदद से नए कस्टमर जोड़ते थे। ऋषिराज से पूछताछ में ड्रग लेने वालों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को मिल सकती है।

### रैकेट तोड़ना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

नव्या मलिक द्वारा संचालित ड्रग रैकेट को तोड़ना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। नव्या तथा विधि द्वारा संचालित ड्रग रैकेट में पुलिस को राजधानी सहित आसपास के जिलों से 100 से ज्यादा ड्रग पैडलर के जुड़े होने की आशंका है, जिसे तोड़ना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। नव्या से पूछताछ में पुलिस अब तक इस बात की जानकारी नहीं जुटा पाई है कि वह किन-किन लोगों से ड्रग खरीदती थी।

# फर्जी ई-चालान परिवहन विभाग ने किया सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हाईटेक जालसाज वाहन मालिकों को ई-चालान के नाम से एपीके फाइल भेजकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसके लिए परिवहन विभाग ने एक एडवाइजरी जारी कर वाहन मालिकों को फर्जी ई-चालान से सतर्क रहने सुझाव देते हुए परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट से ई-चालान की जानकारी तथा भुगतान के बारे में जानकारी दी है।

- जालसाज चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर बना रहे ठगी का शिकार

जालसाज लोगों को ठगी का शिकार बनाने नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। बकाया बिजली बिल के साथ डिजिटल अरेस्ट कर लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। इसी कड़ी में जालसाज लोगों को ट्रैफिक उल्लंघन करने का हवाला देकर ई-चालान का मैसेज भेज रहे हैं। साथ ही चालान पटाने एंड्राइड एप्लिकेशन पैकेज (एपीके) फाइल का लिंक भेज कर ठगी का शिकार बना रहे हैं। एपीके फाइल का लिंक कोई जैसे ही क्लिक करता है, उसके बाद जालसाज अकाउंट से रुपए निकाल कर ठगी करता है।

### ई-चालान की ऐसे करें जांच

किसी के पास ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने संबंधित मैसेज आता है, उस स्थिति में परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट ई-चालान डॉट परिवहन डॉट जीओवी में जाकर अपने चालान के स्टेटस की जानकारी लेनी चाहिए। चालान होने की स्थिति में पे- ऑलाइन पर क्लिक कर चालान नंबर तथा कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाइल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी लेने के साथ ऑनलाइन पेमेंट करना चाहिए। ऑनलाइन जानकारी लेने में परेशानी होने पर ट्रैफिक थाना पहुंचकर मैनुअल जानकारी हासिल करनी चाहिए।

### महिला समेत दो सटोरिए गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सट्टा संचालित करने के आरोप में एक महिला सहित दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा पर्ची तथा नकदी दो हजार रुपए जब्त किए हैं। खमतराई बाजार के पास पुलिस ने शुभद्रा उर्फ ज्योति तथा भनपुरी मोड़ के पास नितई विश्वास को सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया है।

# लाखेनगर में एआई प्रतिमा को लेकर देर रात तक जमकर बवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आजाद चौक थाना क्षेत्र के लाखेनगर में सिंधी युवा एकता गणेश उत्सव समिति द्वारा एआई से भगवान गणेश की विकृत प्रतिमा की स्थापना को लेकर बजरंग दल, रामभक्त सेना तथा हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने जमकर विरोध किया। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने गुरुवार को पूरे दिन पंडाल के सामने धरना-प्रदर्शन तथा जमकर हंगामा किया। तब पुलिस ने प्रतिमा स्थल को ढंक दिया। विरोध को देखते हुए पुलिस ने गणेश समिति से जुड़े लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, इसके बावजूद विरोध-प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान देर रात समिति के सदस्य एवं मोहल्लेवासी प्रतिमा स्थल पर लगाया गया कवर हटाने का प्रयास करने लगे तो हंगामा बढ़ गया और पुलिस ने समिति के सदस्यों तथा मोहल्लेवासियों पर हल्का बल ⏭ शेष पेज 16 पर

- समिति और मोहल्लेवासी खुलवाने पर अड़े तो पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

### इसलिए बिगड़ी स्थिति

एआई निर्मित भगवान गणेश की विकृत प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही समिति से जुड़े लोगों ने पंडाल में देर रात फिल्मी और अशोभनीय गाने बजाए। समिति के इस हरकत से हिंदू संगठन से जुड़े लोग भड़क गए और कार्रवाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने के साथ जमकर हंगामा किया। हंगामा देखते हुए पुलिस को समिति से जुड़े लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी पड़ी।

# 16 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की हड़ताल पर अब तीव्र प्रतिक्रियाएं होने लगी हैं। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को सेवा से हटाए जाने के बाद विरोध में गुरुवार को प्रदेश के 16 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। वहीं प्रशासन का कहना है कि प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन ले लिया गया है, लेकिन इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी पिछले 18 दिनों से हड़ताल पर बैठे हुए हैं। रायपुर में ⏭ शेष पेज 16 पर

- दस सूत्रीय मांगों को लेकर 18 दिनों से जारी है हड़ताल

### पांच मांगें पूरी करने आश्वासन

जिन मांगों को लेकर संगठन द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है, उनमें ग्रेड-पे निर्धारण, संविलियन और स्थायीकरण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, रेगुलर भर्ती में आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, ट्रांसफर पॉलिसी, मेडिकल लीव सहित अन्य सुविधाएं शामिल हैं। शासन ने इनमें से पांच मांगें पूरी करने आश्वासन दिया है। इन पांच मांगों में मेडिकल लीव, ट्रांसफर पॉलिसी शामिल है। 27 प्रतिशत के स्थान पर 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव भी शासन ने रखा है। इसके बाद भी अंतिम सहमति नहीं बन पाई है।

पेशे से स्पीच थैरेपिस्ट, टीम के साथ विशाखापट्नम गया था इस दौरान घर पर हुई चोरी

# सूने मकान का ताला तोड़ महज पांच मिनट में सात लाख ले उड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में चोरी थमने का नाम नहीं ले रही। चोर सूने मकान से लेकर बैंक तक को निशाना बना रहे हैं। ऐसी ही एक घटना में एक शातिर ने पेशे से स्पीच थैरेपिस्ट के मकान में धावा बोलकर शातिराना अंदाज में महज पांच मिनट के अंदर आलमारी का लॉकर तोड़ बैग में रखे नगदी सात लाख रुपए तथा दो तोले सोने की चेन चोरी कर ले गया। चोर पूरी घटना को महज पांच मिनट के भीतर अंजाम देने के बाद चंपत हो गया। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है। चोर मकान में प्रवेश करने के बाद महज पांच मिनट के अंदर घर से बाहर निकलता दिख रहा है। घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की है।

टीचर्स कालोनी निवासी मोहम्मद सरताज ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सरताज ने पुलिस को बताया है कि उसका जबलपुर, मंडला, भिलाई, राजनांदगांव, कांकेर और रायपुर में ग्रोविंग माइंड्स ⏭ शेष पेज 16 पर

## सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की घटना, चोर नकदी सहित दो तोले सोने की चेन ले गया





### बाइक में चोरी करने पहुंचा था शातिर

घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें घटना दिनांक को चोर तड़के तीन बजे बाइक से सरताज के घर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद चोर बाइक खड़ी कर घर में लगे चेनल गेट को फांदकर पोर्च में पहुंचा। इसके बाद घर के मेन गेट का ताला तोड़ कर मकान के अंदर दाखिल हुआ। मकान के अंदर दाखिल होने के बाद आलमारी तथा लॉकर का लॉक तोड़ कर बैग में रखे जेवर तथा नकदी चोरी कर महज पांच मिनट के अंदर रफूचक्कर हो गया।

### सैलेरी देने के लिए रखे थे रुपए

सरताज के अनुसार दो माह का पैसा कलेक्शन कर उसने अपनी टीम में काम करने वाले लोगों को सैलेरी देने रुपए लॉकर में रखे थे, जिसे चोर चोरी कर ले गया। घर में लगे सीसीटीवी फूटेज क्लीयर नहीं होने की वजह से पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। पुलिस को चोर का फूटेज मिलने के साथ संदिग्ध बाइक के नंबर की जानकारी मिली है। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस चोर के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# उत्तरी छग में होगी बारिश, दिनभर छाए रहेंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निम्न दाब के क्षेत्र के कारण प्रदेश के उत्तरी हिस्से में बारिश की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। राजधानी रायपुर में शुक्रवार को दिनभर बादल छाए रहेंगे। दिनभर रह-रहकर बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे पूर्व मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह दक्षिण पश्चिम की ओर ऊंचाई के साथ झुका हुआ है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। वहीं एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, नर्मदापुरम, शिवानी, दुर्ग, निम्न दाब के केंद्र, चांदबाली और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

**खबर संक्षेप**

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**तिल्दा नेवरा।** छपोरा स्थित पेसिव कंपनी में कार्यरत मोहम्मद आसिफ पिता मोहम्मद सिराज (25) एवं फरदीन अली पिता लीआकत अली (20) बुधवार रात दोनों बिना नंबर वाले दोपहिया वाहन से चिचोली से पेशिव कंपनी छपोरा जा रहे थे तभी ग्राम भींभौरी के पास रोड पर एक खड़ी ट्रक (सीजी 04 एमएच7555) से टकरा गए। हादसे में मोहम्मद आसिफ की मौत हो गई वहीं फरदीन घायल हो गए, जिनका रायपुर में जारी है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**निधन**

## आनंदराम साहू

**आरंग।** ग्राम तामासिवनी निवासी आनंदराम साहू (75) का बीते



गुरुवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे गायत्री साहू के पति, डाकोरनाथ, सोमनाथ व रोमनाथ के पिता थे।

## कार्रवाई : चंदखुरी फार्म में लाखों की चोरी का हुआ खुलासा

# ज्वेलरी शाप में चोरी के 90 हजार के जेवरात बरामद, 4 गिरफ्तार, 4 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मंदिरहसौद पुलिस ने चंदखुरी फार्म स्थित सुखनन्दन दास कोशले ज्वेलरी दुकान में हुई सनसनीखेज चोरी का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता अर्जित की है। थाना मंदिरहसौद की टीम ने ताबड़तोड़ दबिश देकर चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके पास से चोरी का माल भी बरामद किया गया है। वहीं, घटना में शामिल अन्य चार आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी 19 अगस्त के रात्रि करीब 10 बजे प्रार्थी सुखनंदन दास कोसले अपने ज्वेलरी दुकान में ताला लगाकर अपने घर चला गया था कि सुबह 05.30 बजे गांव का रोशन देवांगन फोन करके बताया कि तुम्हारे दुकान का शटर एवं

- आरोपी चोरी का मामल खपाने आरोपियों को घूमते किया गया गिरफ्तार



कांच का दरवाजा टूटा हुआ है शटर उठा हुआ है जानकारी होने पर प्रार्थी अपने छोटे भाई भावेश कोसले के साथ दुकान में जाकर देखा तो दुकान का शटर तीन फीट उठा था कांच का दरवाजा टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो ज्वेलर्स का सब समान बिखरा हुआ था समान को चेक करने पर दराज मे रखे सोने का अंगुठी 4 नग वजनी लगभग 8 ग्राम, सोने का झुमका 1 जोडी वजनी लगभग 3.5 ग्राम, सोने का पत्ती 2 नग वजनी लगभग 2 ग्राम, सोने का फुली 18 नग वजनी लगभग 5 ग्राम, चांदी का पायल 2 जोडी वजनी लगभग 250 ग्राम, चांदी का अंगुठी 3 नग वजनी लगभग 30 ग्राम, चांदी का कड़ा 2 नग वजनी लगभग 50 ग्राम, चांदी का बिछिया 2 जोडी वजनी लगभग 20 ग्राम किमती लगभग 1,40,000 रूपये एवं नगदी रकम 10,000 रूपये जुमला किमती लगभग 1,50,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर दुकान में लगे शटर को तोडकर दुकान अंदर रात्रि के समय अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 90 हजार के आभूषण बरामद

विवेचना दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि आरोपी सोना चांदी बेचने के लिए मोपेड मे घुम रहा है सूचना पर आरोपी राज एवं विकास को पकडकर पुछताछ करने पर घटना कारित अपने अन्य आठ साथियो के साथ मिलकर करना बताये जिस पर अन्य आरोपियो को पकडकर पुछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया जाकर आरोपी राज देवार के पेश करने पर सोने चांदी के जेवर जुमला किमती करीब 90,000 रूपये एवं आरोपी विकास देवार से घटना मे प्रयुक्त एक लोहे का राड एवं टीवीएस सुपर एक्सल मोपेड को जप्त किया गया। आरोपीगण राज देवार उर्फ भक्कू देवार 19 वर्ष, विकास देवार उर्फ लोचा 19 वर्ष, अज्जू देवार 18 वर्ष व बुधारू सोनवानी उर्फ गुट्टी देवार 18 वर्ष के विरूध्द अपराध धारा सदर का घटित करना सबुत पाये जाने से समय सदर मे गिरफ्तार कर आरोपीगण का न्यायिक रिमांड तैयार कर न्यायिक रिमाण्ड तैयार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया कर जेल भेज दिया। घटना के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर चोरों की धरपकड़ शुरू की गई। पुलिस की कड़ी पूछताछ और निगरानी के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए चोरों के पास से सोने-चांदी के जेवर व नगद रकम जब्त की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल चार आरोपी फरार हैं, जिनकी पहचान हो चुकी है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही हैं।

## खाद की कालाबाजारी के विरोध में किसानों ने किया जोरदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जिला पंचायत की सामान्य सभा में जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। वे जिला पंचायत के सदस्यों के साथ जिला पंचायत मुख्यालय के सामने यूरिया खाद की बोरी को रखकर किसानो के साथ यूरिया वितरण में हो रही कालाबाजारी के विरोध में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन की ख़ास बात यह रही की एक तरफ 3 बोरे सोसाइटी में मिलने वाली यूरिया का मूल्य 266 रूपए था, वही दूसरी तरफ बाजार में ब्लैक में मिल रहे यूरिया का मूल्य 1000 रूपए था। इस प्रदर्शन को आना जाने वाले राहगीर रुक रुक कर देखते रहे और अपना समर्थन दिए। यशवंत ने कहा कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में यूरिया खाद का स्टॉक बेहद कम है और किसानों को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की साय सरकार की नाकामी के कारण 266 रुपये की यूरिया की बोरी 800 से 1000 रुपये तक में बेची जा रही है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है। यह सीधे-सीधे कालाबाज़ारी को संरक्षण देना है।

उन्होंने अधिकारियों और सरकार को घेरते हुए कहा की अगर किसानों को खाद की तत्काल आपूर्ति नहीं की गई तो यह किसानों की मेहनत पर सीधा हमला होगा, प्रदेश सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है, जिससे उनकी फसलें चौपट होने की कगार पर हैं एवं कालाबाज़ारी करने वालों को संरक्षण देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसानों को उचित दर पर खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो वे किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

## मंत्री गुरु खुशवंत ने पदभार ग्रहण किया

**आरंग।** कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के पिता राजागुरु, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री के रूप में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने मंत्रालय महानदी भवन में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते हुए गुरु साहेब ने परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी का स्मरण एवं पूजा-अर्चना की और संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व मेरे लिए केवल एक



पद नहीं है, बल्कि प्रदेश की युवाशक्ति को कौशल संपन्न बनाने, तकनीकी शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने, रोजगार के अवसरों का विस्तार करने और अनुसूचित जाति समाज के सर्वांगीण विकास का प्रण है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समृद्ध छत्तीसगढ़ के विज़न को साकार करने हेतु वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस गरिमामयी अवसर पर कैबिनेट मंत्रीगण, विधायकगण, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, समाजजन, कार्यकर्ता साथी, अधिकारी–कर्मचारी एवं प्रदेशवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डॉ.अब्दुल कलाम अलंकरण से सम्मानित होंगे शिक्षक महेंद्र

**आरंग।** प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में, प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा संस्था द्वारा राज्य भर में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विज्ञान के प्रचार-प्रसार, जन सेवा, प्रकृति संरक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्था द्वारा चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों को अलंकृत किया जाता है। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल को डॉ अब्दुल कलाम अलंकरण के लिए चयन किया गया है। उन्होंने बताया प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन संस्था प्रतिवर्ष प्रदेश भर में अलग अलग क्षेत्र में नवाचार व उल्लेखनीय कार्य करने वालों शिक्षकों के कार्य व प्रस्ताव के आधार पर चयन होता है। इस वर्ष भी प्रदेश भर से 100 शिक्षकों एवं 10 खोजी छात्रों को उनके विलक्षण प्रतिभा और अलग अलग क्षेत्र में



रचनात्मक कार्यो के आधार पर कैटेगरी के हिसाब से चयनित किया गया है। जिसमें आरंग चरौदा के शिक्षक महेन्द्र पटेल को शिक्षा के साथ-साथ विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए डा. अब्दुल कलाम अलंकरण के लिए चयनित किया गया है। सभी चयनित शिक्षकों को सोमवार को कुरूद में आयोजित सम्मान समारोह 2025 में सम्मानित किया जाएगा। वहीं इस उपलब्धि के लिए इनके शाला के शिक्षकों, बच्चों, प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से अभिषेक शुक्ला, लखन साहू, मनीष अहीर, हेमंत उईके, सहित नगर के स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए हैं।

## एग्रिस्टेक पंजीयन से 30 प्रतिशत किसान वंचित, तिथि बढ़ाने की मांग

**आरंग।** आगामी खरीफ सीजन में किसानों को धान बिक्री सहित अन्य योजनाओं का लाभ सहजता से मिल सके, इसके लिए जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य वतन चन्द्राकर ने एग्रिस्टेक पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग प्रमुखता से रखी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में किसान अभी भी पंजीयन नहीं करा पाए हैं। यदि अंतिम तिथि में विस्तार नहीं किया गया तो किसानों को धान बिक्री केंद्रों पर कठिनाई का सामना करना पड़ेगा और वे सरकारी योजनाओं से वंचित हो सकते हैं। श्री चन्द्राकर ने अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा और व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए पंजीयन तिथि में बढ़ोतरी की जाए, ताकि प्रत्येक किसान अपना नाम दर्ज कराकर शासन की सभी योजनाओं का लाभ ले सके। सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी इस मांग का समर्थन किया और कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। इस प्रस्ताव से किसानों में उम्मीद जगी है कि शासन द्वारा पंजीयन की समय-सीमा बढ़ाई जाएगी और उन्हें आने वाले सीजन में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।






MILADUNNABI MUBARAK

हुजुर सल्लल्लाहो तआला अलैहे वसल्लम के आमद पर स्पेशल

# जश्ने रसुले आमद मुबारक हो

की मुहम्मद (स.अ.व.) से वफ़ा तो हम तेरे है
यह जहां चीज़ है क्या लौह व कलम तेरे है - अल्लामां इकबाल

और ऐ रसूल हमने तुम्हें तमाम जहनों के लिए रहमत बना कर भेजा.(कुरआन करीम)




## मानवता के प्रेरणा श्रोत हज़रत मुहम्मद (सल्ल.)

आज के इस भौतिकवादी संस्कृति से ओत प्रोत संसार में जहां एक तरफ जुल्म, शोषण, अत्याचार, अन्याय का एक न रुकने वाला सैलाब, जिसने इंसानों के आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक यहां तक कि अध्यात्मिक जीवन में अशांति, बेचैनी उत्पन्न कर रखी है। और मानवजाति एक असीम शान्ति, चैन और सुकून के लिए तरस रही है। लिहाज़ा.... आईए हम इस अशान्ति को शान्ति, बेचैनी को चैन व सुकून में बदल सकते हैं। मानवता के प्रेरणा श्रोत, अंतिम महा-ईश्दूत हज़रत मुहम्मद (सल्ल.) की शिक्षाओं एवं कथनों को अपने जीवन में अपना कर अपना जीवन सफल एवं शांतिपूर्ण बना कर उपरोक्त समस्याओं पर काबू पा सकते हैं।

मानव समानता - हज़रत मुहम्मद (सल्ल.) ने कहा- सारे इंसान आदम की संतान हैं। दुनिया में विभिन्न कबीले, कौमो और नस्लों का विभाजन सिर्फ एक दूसरे की पहचान के लिए है। किसी गोरे को किसी काले पर, किसी अरब को किसी गैर अरब पर कोई श्रेष्ठता नही है। खुदा की नज़र में सब बराबर हैं। उन में श्रेष्ठ वो है जिसका चरित्र सबसे उत्तम है।


चुनांचे आप (सल्ल.) ने फरमाया -

1. हर आदमी की जान व माल और इज्ज़त आदरणीय है।
2. तुम में सर्वश्रेष्ठ वो है जो अपने घर वालों के लिए अच्छा है।
3. संतान के लिए सबसे अच्छा उपहार उसकी अच्छी शिक्षा-दीक्षा है।
4. पड़ोसी को सताने वाला और उसकी भूख का ख्याल न रखने वाला मुसलमान नहीं है।
5. विधवा, बेसहारा, मुसाफिर और ग़रीब की मदद करो।
6. यतीम के साथ अच्छा व्यवहार करो।
7. तुम में बेहतर वो है जो दूसरो को फायदा पहुंचाए।
8. घमंड, अहंकार, द्वेष, ईर्ष्या, कंजूसी, लालच, बदगुमानी जैसी बीमारियों से अपने दिल को पाक-साफ रखो।
9. तुम ज़मीन वालो पर रहम करो आसमान वाला तुम पर रहम करेगा।
10. तुममें सबसे अच्छा वो है जिसका आचरण सबसे अच्छा है।
11. अन्याय व अत्याचार से बचो, नहीं तो वो कयामत के दिन अंधकार का कारण बनेगा।
12. शराब न पियो क्योंकि ये तमाम बुराइयों की जड़ है।
13. अच्छा दृष्टिकोण रखना भी इबादत है।

यह हैं वो चंद कथन मुहम्मद (सल्ल.) के जिनके फलस्वरूप अरब में उस वक्त शैतानी राज का अन्त हुआ। मानव समानता, प्रजातंत्र और इंसाफ के युग की शुरुआत हुई। नारी को उसका उचित स्थान प्राप्त हुआ। समाज के कमज़ोर और निर्बल लोगों को उनके अधिकार मिले, एक शांतिपूर्ण और साफ सुथरा समाज कायम हुआ, लोगों के आचार विचार, रहन सहन, अर्थनीति और राजनीति में व्यापक क्रांति आ गई।

आज के इस अशांति भरे समाज में शांति, सुकून और न्याय अगर संभव हो सकता है तो ईश्वर के महान अंतिम ईश्दूत मुहम्मद (सल्ल.) की इन्हीं शिक्षाओं को अपना कर समाज में एक स्वच्छ क्रांति लाई जा सकती है जिसके लिए मानव समाज तरस रहा है। ईद ए मिलाद के इस अवसर पर समस्त देशवासियों के नाम यही संदेश है।

(मुबीन ख़ान)
सेक्रेट्री इस्लामी मआशरा (समाज) जमाते इस्लामी छत्तीसगढ़





























जीवेत शरदः शतम्
सरल, सहज, मृदुभाषी, अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक
मान. इन्द्रकुमार साहू जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...शुभकामनाएं...
5 सितम्बर
मान. इन्द्र कुमार साहू
विधायक, अभनपुर
रवि सूदन पटेल
प्राधिकृत अधिकारी
कृषि साख सहकारी समिति
बेंद्री
लीला राजा दीवान
प्राधिकृत अधिकारी
कृषि साख सहकारी समिति
सिवनी
लीला राम साहू
प्राधिकृत अधिकारी
कृषि साख सहकारी समिति
चंडी
विजय सिन्हा
प्राधिकृत अधिकारी
कृषि साख सहकारी समिति
पचेड़ा
राजू तरबानी
प्राधिकृत अधिकारी
कृषि साख सहकारी समिति
केन्द्री
अनिल साहू
प्राधिकृत अधिकारी
कृषि साख सहकारी समिति
सकरी
प्रदीप शर्मा
प्राधिकृत अधिकारी
कृषि साख सहकारी समिति
अभनपुर
विनीत- अभनपुर क्षेत्र के समस्त कृषक सदस्य


जीवेत शरदः शतम्
अभनपुर के लाडले विधायक
मा. इन्द्रकुमार साहू जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
SEPTEMBER
05
मा. इन्द्रकुमार साहू जी
विधायक, अभनपुर विधानसभा क्षेत्र
चंद्रिका जितेन्द्र बंजारे
अध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर
खेलू राम साहू
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर
जितेन्द्र बंजारे
विधायक प्रतिनिधि, जनपद पंचायत अभनपुर
ब्रम्हानंद साहू
सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
संतराम साहू
सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
विवेक तिवारी
सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
चंचल राजा दीवान
सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
हेमलता विनोद चन्द्राकर
सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
निशा प्रवीण कल्ला
सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
राजेश्वरी ओमप्रकाश ध्रुव
सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
नंदनी महेन्द्र खुटियारे
सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
वर्षा संतोष मिश्रा
सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर
रानी मनोज सोनवानी
सदस्य, जनपद पंचायत अभनपुर
हिमांशु खरे
सदस्य, जनपद पंचायत अभनपुर
कमल तारक
सदस्य, जनपद पंचायत अभनपुर
विनीत : जनपद पंचायत अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

# भाजपा संगठन ने दी सभी मोर्चा के लिए डेडलाइन, इसी माह बनाएं कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी का ऐलान बीते माह किया गया था। इसी के साथ भाजपा के सात मोर्चा के अध्यक्ष भी बनाए गए। अब मोर्चा के सभी अध्यक्षों के लिए कार्यकारिणी बनाने की डेडलाइन तय की गई है। सभी से हर हाल में इस माह के अंत तक कार्यकारिणी बनाने के लिए कहा गया है। ऐसे में सभी मोर्चा के अध्यक्ष इसकी कवायद में जुट गए हैं। इधर रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण के साथ ही करीब एक दर्जन जिलों की कार्यकारिणी भी बची है। इनको भी अपनी कार्यकारिणी जल्द बनाने के लिए कहा गया है। किरण देव की कार्यकारिणी का ऐलान बीते माह 13 अगस्त को किया गया, तो इसमें सात मोर्चा के अध्यक्ष भी बनाए गए। प्रदेश भाजपा की नई टीम के साथ 31 अगस्त को भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की बैठक हुई। इसमें संगठन को लेकर लंबी चर्चा की गई। जहां एक तरफ संगठन को मजबूत करने के लिए काम करने के लिए सभी को नसीहत मिली है, वहीं सभी मोर्चा से भी बिना विलंब किए अपनी कार्यकारिणी का बनाने के लिए कहा गया है। इसके लिए सभी मोर्चो के अध्यक्ष प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन लेंगे।

■ एक दर्जन जिलों की भी अब तक नहीं बन सकी है नई टीम



### भाजयुमो में अंडर 35 पर ही फोकस

*भाजयुमो की कार्यकारिणी में इस बार हर हाल में अंडर 35 साल पर ध्यान देने के लिए कहा गया है। भाजयुमो के अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का कहना है कि संगठन के निर्देश के मुताबिक ही कार्यकारिणी में अंडर 35 साल वालों को ही रखा जाएगा। उल्लेखनीय है पिछली कार्यकारिणी में भाजयुमो में 35 साल से ज्यादा उम्र वालों को भी पदाधिकारी बना दिया गया था। इसको लेकर बड़ा विवाद भी हुआ था। इसकी शिकायत उस समय प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी तक गई थी। ओवरएज को बाहर करने की तैयारी थी, लेकिन प्रदेश प्रभारी के बदले जाने का कारण यह मामला ठंड बस्ते में चला गया था।*

### रायपुर की कार्यकारिणी अब तक नहीं बनी

प्रदेश संगठन के सभी 36 संगठन जिलों की कार्यकारिणी बनाने का क्रम बीते माह से प्रारंभ किया गया। अगस्त में सभी जिलों की कार्यकारिणी बन जानी थी, लेकिन रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण के साथ ही अब तक करीब एक दर्जन जिलों की कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। जिलों की कार्यकारिणी को भी जल्द बनाने के निर्देश जिलाध्यक्षों को दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### एनएचएम कर्मचारियों की सेवा समाप्ति अन्याय

रायपुर। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारी-कर्मचारियों की जारी हड़ताल के बीच स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा निर्णय लिया है। हड़ताल कर रहे 25 अधिकारी-कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। बुधवार की देर शाम इससे संबंधित आदेश जारी किए गए। इस संबंध में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा है कि सरकार कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। हड़ताल से अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हुई हैं और मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



### गिरिराज की सात कोश परिक्रमा आज से

रायपुर। दशा सोरठिया वणिक समाज द्वारा दो दिवसीय 5 से 6 सितंबर तक गिरिराज सात कोश परिक्रमा मनोरथ यात्रा आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम अखंड भूमंडलाचार्य जगद्गुरु श्रीमद वल्लभाचार्य प्राकट्य स्थल चंपारण धाम के गृहाधिपति, अनंत विभूषित, सौम्य दीक्षित, गोस्वामी 108 द्वारकेशलाल महाराज के नेतृत्व में किया जाएगा। यह जानकारी दशा सोरठिया वणिक समाज के अध्यक्ष नितिन ढोलकिया ने देते हुए बताया कि आज गिरिराज कलयुग में प्रकट देव स्वरूप में विद्यमान हैं और भक्तों के मनोरथ पूर्ण करने वाले स्वरूप के रूप में पूजित हैं। आप सभी को बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 5 सितंबर को दोपहर 3 बजे कलश यात्रा और शाम 5 बजे से परिक्रमा शुरू हो जाएगी। रातभर परिक्रमा चालू रहेगी और 6 सितंबर को दोपहर 1 बजे तक चालू रहेगी, उसके बाद 1.30 बजे से प्रसादी वितरण किया जाएगा।

■ गणेशोत्सव पर्व के मौके पर अलग-अलग पंडालों में सुंदर स्थल सजावट के साथ सिद्धि विनायक की मनोहारी प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं

### शीतला मंदिर चौक पर पूजा सामग्री से निर्मित गणेश की धूम

# कंकालीपारा में रिद्धि-सिद्धि के साथ विराजे गणपति बप्पा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी में चल रहे गणेशोत्सव पर्व के मौके पर अलग-अलग पंडालों में सुंदर स्थल सजावट के साथ सिद्धि विनायक की मनोहारी प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसमें पूजा सामग्री से उपयोग कर शीतला मंदिर बाजार चौक डगनिया के गणेश पंडाल में रायपुरा के मूर्तिकार शिवचरण यादव द्वारा बनाई गई गणेश प्रतिमा चर्चा में है। इस प्रतिमा की खासियत ये है कि इसमें मूर्तिकार ने बिना रंग पेंट का इस्तेमाल किए सिर्फ पूजा में प्रयुक्त होने वाली सामग्री और ड्राई फ्रूट का उपयोग किया है जो कि देखते ही बनता है। इसी तरह कंकालीपारा के गणेश पंडाल में रिद्धि- सिद्धि के साथ महाराजा के स्वरूप में गजानन सिर पर पगड़ी बांधे सोफासेट पर विराजमान हैं। रामनगर के कर्मा चौक में हाथी के सूड़ में रिद्धि के साथ बैठे गणपति की प्रतिमा बरबस ही लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

### महाराजा के गेटअप में रिद्धि-सिद्धि के साथ लुभा रहे गणपति



*नवभारत सांस्कृतिक गणेशोत्सव समिति कंकालीपारा द्वारा गणेशोत्सव के अवसर पर इस बार साढ़े बारह फीट ऊंची आकर्षक गणपति प्रतिमा की स्थापना की गई है। महाराजा के गेटअप में सोफासेट पर आसीन गणपति रिद्धि-सिद्धि के साथ दर्शकों को लुभा रहे हैं। माना के मूर्तिकार जयंत और हुकुम ने इस आकर्षक प्रतिमा को तैयार किया है, जिसमें गणेश जी स्पेशल पगड़ी में नजर आ रहे हैं। समिति के संचालक आनंद तंबोली ने बताया कि तत्कालीन मध्यप्रदेश के समय 1989 में पहली बार उनकी समिति ने गणेश प्रतिमा की स्थापना की, तो उस समय खंडपीठ वाले गणेश के नाम से पूरे शहर में इसकी चर्चा रही। उस समय रायपुर के वकील हड़ताल पर बैठे कि सिविल की एक बेंच रायपुर में हो। इसके समर्थन में हड़ताल पर बैठे थे। देवराज सुराना उस समय बारएम के तत्कालीन चेयरमैन हुआ करते थे। तब कंकालीपारा के खंडपीठ वाले गणेश लोगों की जुबान पर रहे। आज भी लोग इसे नहीं भूले।*

### नारियल पर आसीन गणेश, पूजा सामग्री से मोहक आकृति



श्री बाल गणेशोत्सव समिति शीतला बाजार चौक डंगनिया के गणेश पंडाल में जहां पिछले साल मंगलमूर्ति अपने प्रिय सवारी मूसक के साथ गिल्ली डंडा, क्रिकेट खेलते नजर आए, इस बार की गणपति प्रतिमा पूजा में काम आने वाली सामग्री का उपयोग करते हुए बनाई गई है। मूर्तिकार ने गणेश जी के हाथ, पैर और शरीर और मस्तक सिर और पेट वाले हिस्से को बनाने में सुपारी का इस्तेमाल बखूबी किया है। वहीं उनकी सफेद वाली धोती सफेद जनेऊ से तैयार हुई है। फेटा में पीले रंग के जनेऊ का उपयोग कर उसे अलग रूप दिया है। गणपति के पैर में जो पायल पहनाई है, उसमें लौंग और इलायची का कमाल नजर आता है। गणेशजी के हाथ के पंजा में जवा का उपयोग मूर्तिकार ने किया है। दूसरे हाथ में लड्डू है जो कि मखाना, काजू, किशमिश, बादाम, छोहारा और ड्रायफ्रूट से बनाया गया है। गले का हार बनाने में कमलगट्टा का इस्तेमाल सुंदर ढंग से मूर्तिकार ने किया है। समिति के सदस्य नमन शर्मा का कहना है, गणेश उत्सव आयोजन का यह 9वां वर्ष है।

### कर्मा चौक रामनगर में हाथी के सूंड पर गणेश



संत रविदास रामनगर के कर्मा चौक काली मंदिर समिति की ओर से नवागांव के मूर्तिकार द्वारा निर्मित आकर्षक गणेश प्रतिमा की स्थापना गणेश पंडाल में की गई है। इसमें माता रिद्धि के साथ हाथी के सूंड पर बैठे गणेश जी दर्शकों को लुभाते नजर आ रहे हैं।

# अनुशासनहीनता पर प्रस्ताव पारित, चौबे ने बैज को बताया बहुत ही परिपक्व अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के छत्तीसगढ़ की जनता आज भी भूपेश बघेल का नेतृत्व चाहती है वाले बयान पर बुधवार को अनुशासनहीनता का प्रस्ताव पारित होने के बाद श्री चौबे आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात करने पहुंचे। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने तमाम असहमतियों को दरकिनार किया और बैज ने कहा, कांग्रेस को मजबूत करना हमारा मकसद है। आगामी चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात के बाद पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा, दीपक बैज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं, हमारा समर्थन उनके साथ है। उनके नेतृत्व में मजबूती से कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है। भूपेश बघेल के जन्मदिन पर भ्रमपूर्वक बातें कही गई। अगर कुछ बातें कही गईं, तो वह बात नहीं थी, जो प्रेस में आई। बैज बहुत ही परिपक्व अध्यक्ष हैं।

### दीपक बैज से बंद कमरे में की मुलाकात बोले- सामूहिक नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव



### भाजपा का नमक हराम भवन

*वहीं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन को चमचा भवन बताते हुए भाजपा के पोस्टर जारी किए जाने पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, भाजपा को अपने भवन का नाम नमक हराम भवन रखना चाहिए।*

### वायरल हुआ भूपेश-रविन्द्र का कार्टून

छत्तीसगढ़ में सियासत एक बार फिर गरमाई है। नेता प्रतिपक्ष महंत के 'चमचा' वाले बयान ने राजनीतिक दलों के बीच तकरार बढ़ा दी है। भाजपा ने इस बयान को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस को कटाक्ष करते हुए कहा, चमचागिरी करना कांग्रेस की पुरानी आदत और विरासत रही है। बयान के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह के पोस्ट और कार्टून वायरल हो रहे हैं। एक खास कार्टून पोस्टर में कांग्रेस के नेता भूपेश बघेल और रविन्द्र चौबे के बीच बातचीत दिखाई गई है। इसमें दोनों नेताओं को चमचागिरी और सियासी चालाकी की बात करते हुए दिखाया गया है, इस तरह के पोस्टर ने इस राजनीतिक विवाद को और भी हवा दे दी है।

### कांग्रेस को मजबूत करना हमारा मकसद- बैज

वहीं दीपक बैज ने महंत के चमचे वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कांग्रेस की बैठक में बहुत सारे मुद्दे थे। बैठक में संगठन सृजन अभियान पर चर्चा की गई। कांग्रेस को मजबूत करना हमारा मकसद है। बैठक में जो बातें हुईं, वह घर की बात है, पार्टी की बात है। पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे से मुलाकात पर कहा, कलेक्टिव लीडरशिप में लड़ने का निर्णय हुआ है। आगे भी सामूहिक नेतृत्व से कांग्रेस लड़ाई लड़ेगी।

■ प्रत्येक परिवार को न्यूनतम 40 से 50 हजार की बचत होगी : अमित चिमनानी

# जीएसटी के बदलावों से आम आदमी की बचत और देश में खपत दोनों बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, जीएसटी में बदलाव से आम आदमी की बचत बढ़ेगी और लगभग 6 लाख करोड़ रुपए की खपत बढ़ेगी तथा आम आदमी के जीवन-स्तर व देश के आर्थिक परिदृश्य में क्रांतिकारी मजबूती आएगी।

श्री चिमनानी ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए नए जीएसटी प्रावधानों से विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले सकारात्मक पहलुओं का विश्लेषण करते हुए कहा, इन प्रावधानों से अब घर बनाना और घर चलाना बेहद सस्ता हो जाएगा। गुड एंड सर्विस टैक्स अब गुड और सिंपल टैक्स के नाम से भी जाना जाएगा। श्री चिमनानी ने कहा, सीमेंट, जो घर बनाने की एक बहुत जरूरी वस्तु है, के टैक्स रेट में 10 प्रतिशत की कटौती से घर बनाने की लागत कम होगी। अक्सर यह माना जाता है कि एक घर में 20 प्रतिशत लागत सीमेंट की ही होती है। घर में लगने वाले और उपयोग होने वाले कई सामान, जिनमें टीवी, रेफ्रिजरेटर, डेकोरेशन के सामान, पर भी टैक्स दरों में भारी कटौती से घर बनाने की लागत में महत्वपूर्ण कमी आएगी। घर चलाने के लिए जरूरी हर एक वस्तु पर अब टैक्स की दरों में कमी होने से घर चलाने का बजट भी प्रभावी रूप से कम होगा।



### लिटिगेशन खत्म होगा

श्री चिमनानी ने कहा, चार की जगह जीएसटी टैक्स की दो दरें होने से लिटिगेशन के मामलों में भारी कमी होगी। अक्सर यह देखा जाता था के कई वस्तुओं को लेकर उन पर लगने वाली कर की दर पर विवाद होता था और इसको लेकर कई प्रकार के लिटिगेशन कई स्तरों पर लंबित हैं। इससे व्यापारी वर्ग को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब चार की जगह दो कर दरें होने से ऐसे विवादों में भारी कमी आएगी। श्री चिमनानी ने कहा कि हर प्रदेश में ट्रिब्यूनल खुलने से विवादों पर होने वाले खर्चों में भी भारी कटौती होगी। जीएसटी का रजिस्ट्रेशन अब केवल 3 दिन में मिलेगा जो काफी राहतमंद सिद्ध होगा।

### खपत 6 लाख करोड़ तक बढ़ने की संभावना

भारत सरकार द्वारा किए गए इनकम टैक्स एवं जीएसटी के बदलाव के बाद भारत में खपत लगभग 6 लाख करोड रुपए बढ़ेगी। इससे जीडीपी में बढ़ोतरी के साथ साथ रोजगार और आर्थिक विकास में भी ज्यादा रफ्तार दिखाई देगी। जीएसटी का रिफंड अब केवल 7 दिनों में होगा जिससे एक्सपोर्ट में भारी उछाल आएगा। इससे स्वास्थ्य शिक्षा और खेती के खर्चों में भी भारी कमी आएगी। श्री चिमनानी ने कहा, खेती के क्षेत्र में ट्रैक्टर, ट्रैक्टर टायर एवं पार्ट्स, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, एग्रीकल्चर हॉर्टिकल्चर फॉरेस्ट्री मशीन्स पर जीएसटी की दरों में भारी कटौती की गई है। इलेट्रॉनिक सामान 10 प्रतिशत सस्ते हो जाएंगे यानी 50 हजार रुपए मूल्य के सामान पर सीधे-सीधे 5 हजार रुपए की बचत होगी। इसी प्रकार 12 लाख रुपए मूल्य की सीएनजी कार पर 1 लाख 20 हजार रुपए की बचत होगी और 20 हजार रुपए के बीमा पर लगभग 4 हजार रुपए की बचत होगी। श्री चिमनानी ने कहा औसतन एक परिवार अगर वर्ष में 3 लाख 50 हजार रुपए खर्च करता है तो विभिन्न वस्तुओं के उपयोग पर 40 से 45 हजार रुपए की बचत प्रत्येक परिवार को होगी।

■ पर्यटन क्षेत्र के विकसित होने पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

# पर्यटन-संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने मंत्रालय में कामकाज संभाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को मंत्रालय स्थित कार्यालय में विधिवत पूजा अर्चना कर कामकाज की शुरुआत की। उन्होंने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव के मार्गदर्शन में राज्य में पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में काफी तेजी से कार्य करना है। राज्य में पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। पर्यटन क्षेत्रों के विकसित होने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, केन्द्र सरकार की मदद से राज्य में सड़क कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हो रहा है, इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य में नई सड़कों की स्वीकृति के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय भू-तल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग सुब्रत साहू, संस्कृति विभाग के सचिव रोहित यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के जनरल मैनेजर वेदव्रत सिरमौर, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### ये नेता और अफसर थे मौजूद

*इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक अनुज शर्मा, संपत अग्रवाल, प्रबोध मिंज, उद्धेश्वरी पैकरा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा एवं पवन साय और वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी।*

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.मा.क्र./202508110800028/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 29/08/2025
ग्राम-जोरा, प.ह.नं. 66 तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कोसरे पिता स्व. श्रीकांत कोसरे निवासी कोसरे सदन, कृषक नगर ग्राम जोरा रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम जोरा, प.ह.नं. 66, तहसील व जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 124/1 रकबा 0.2261 हे. भूमि बृजलाल, तिरथलाल, पप्पूराम, फुलसिंग श्रीकांत, संतोष कुमार, सुरेश कुमार, सुभाष सभी पिसरान स्व उदेराम के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के पिता / सहखातेदार स्व. श्रीकांत कोसरे पिता स्व. उदयराम की मृत्यु दिनांक 23/02/2025 को हो चुकी हैं तथा आवेदक की माता स्व. श्रीमती दुरपत कोसरे पति स्व. श्रीकांत कोसरे की मृत्यु दिनांक 31/05/2021 को हो गयी है। मृतक सहखातेदार स्व. श्रीकांत कोसरे पिता स्व. उदयराम के विधिक वारिसानों में योगेश कोसरे, अखिलेश कोसरे, अल्का कोसरे पिसरान स्व. श्रीकांत कोसरे है। सहखातेदार बृजलाल पिता स्व. उदयराम की मृत्यु दिनांक 21/12/2010 को हो गयी है। मृतक सहखातेदार स्व. बृजलाल पिता स्व. उदयराम के वारिसानों में रविन्द्र कोसरे, दीपक कोसरे, स्व. जितेन्द्र कोसरे (मृत). श्रीमती पुष्पा कुर्रे पिसरान स्व. बृजलाल, श्रीमती चिनेशिया देवी कोसरे पति स्व. बृजलाल है। विधिक वारिसान स्व, जितेन्द्र कोसरे पिता स्व. बृजलाल की मृत्यु दिनांक 30/08/2020 को हो गयी है, उनके वारिसानों में श्रीमती उमेश्वरी कोसरे पति स्व. जितेन्द्र कोसरे, ना.बा. आकांक्षा, ना.बा. वर्षा, नावा, खुशी, ना.बा. हिमांशी, ना.बा. कान्हा पिसरान स्व. जितेन्द्र कोसरे वली मां श्रीमती उमेश्वरी कोसरे पति स्व जितेन्द्र कोसरे है. अन्य कोई नहीं। अतः आवेदित भूमि में से मृतक सहखातेदार स्व. श्रीकांत कोसरे पिता स्व. उदयराम तथा स्व बृजलाल पिता स्व. उदयराम का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानगण के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने तथा शेष सहखातेदारगण का नाम यथावत रखे जाने निवेदन किया है।

अतः आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 11/09/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं, कृतिका टिलवानी, पुत्री श्री अशोक कुमार होतवानी तथा पत्नी श्री संदीप टिलवानी, उम्र लगभग 33 वर्ष, निवासी एल.आई.जी.- 2345, फेज-3, वीर सावरकर नगर, हिरापुर, रायपुर (छ.ग.), शपथपूर्वक यह कथन एवं घोषणा करती हूँ किः-

1. कि मेरा विवाह-पूर्व नाम प्रिया होतवानी था।
2. कि मेरा विवाह श्री संदीप टिलवानी के साथ दिनांक 12/02/2014 को रायपुर (छत्तीसगढ़) में हुआ।
3. कि विवाह के उपरांत मुझे कृतिका टिलवानी के नाम से जाना जाता है।
4. कि मेरा विस्तारित नाम, अर्थात कृतिका को प्रथम नाम तथा टिलवानी को उपनाम (अंतिम नाम) के रूप में स्वीकार किया जाए।
5. कि प्रिया होतवानी और कृतिका टिलवानी एक ही व्यक्ति हैं तथा दोनों नाम मेरी ही पहचान दर्शाते हैं।

मैं यह शपथपूर्वक घोषित करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं तथा इसमें कुछ भी असत्य अथवा छिपाया हुआ नहीं हैं।

**नाम परिवर्तन**
**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर छ.ग.**
**// शपथ-पत्र //**

मै शपथकर्ती सिंघई ऋतु जैन, उम्र 43 वर्ष, पति- श्री नितिन कुमार जैन, निवासी - फ्लैट न.- 203, निलगिरी आपार्टमेंट, एन.आई.टी. केम्पस, जी.ई. रोड एन.आई.टी. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पिन-492010, जो कि निम्नलिखित कथन पेश करता हूँ कि-

01 यह कि मेरे पुत्र अर्णव जैन के जन्म प्रमाण पत्र मे मेरा और मेरे पति का नाम ऋतु जैन, (WRITU JAIN) तथा मेरे पति का नाम डॉ नितिन जैन (DR NITIN JAIN) लिखा है जो कि त्रुटिवश अंकित हो गया है जबकि मेरे और मेरे पति का सही नाम आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम सिंघई ऋतु जैन (SINGHAI WRITU JAIN) तथा मेरे पति का नाम नितिन कुमार जैन (NITIN KUMAR JAIN) है जो कि सत्य एवं सही है ।

02 यह कि मेरे पुत्र अर्णव जैन के जन्म प्रमाण पत्र मे मेरा और मेरे पति का नाम ऋतु जैन, (WRITU JAIN) तथा मेरे पति का नाम डॉ नितिन जैन (DR NITIN JAIN) लिखा है जो कि त्रुटिवश अंकित हो गया है जबकि मेरे और मेरे पति का सही नाम आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम सिंघई ऋतु जैन (SINGHAI WRITU JAIN) तथा मेरे पति का नाम नितिन कुमार जैन (NITIN KUMAR JAIN) है जो कि सत्य एवं सही है के सम्बंध में यह शपथ पत्र संबंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है ताकि मेरे और मेरे पति का सही नाम अंकित होकर पुनः मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके।

**सत्यापन**

उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 02 तक में वर्णित समस्त जानकारी मेरे ज्ञान अनुसार सत्य एवं सही है।
दिनांक-03/09/2025
शपथकर्ती
सिंघई ऋतु जैन

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
रा.मा.क्र. .......... ब/ 121 वर्ष 2024-25
धरसींवा, दिनांक 21/08/2025
ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 रा.नि.मं. रायपुर-21 रावांभाठा तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)
**// ईश्तहार /**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरिता पटेल पति रामगोपाल पटेल निवासी विशाल कॉलोनी बिरगांव, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर द्वारा ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम रावांभाठा प.ह.न. 86 रा.नि.म. रायपुर-21 रावांभाठा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 390/77 रकबा 1100 वर्गफुट भूमि विक्रेता श्रीमती जागेश्वरी साहू पति परसराम साहू निवासी ग्राम निमोरा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर से क्रय कर विधिवत नामांतरण करा कर राजस्व अभिलेखो में भूमि स्वामी हक में अपना नाम दर्ज कराया गया था। उपरोक्त आवेदित भूमि मेनुअल राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में आवेदिका का नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है, लेकिन ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज नही है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि को ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08/09/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
धरसींवा

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
रा.मा.क्र. .......... ब/ 121 वर्ष 2024-25
धरसींवा, दिनांक 21/08/2025
ग्राम बीरगांव प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. रायपुर-21 बीरगांव तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)
**// ईश्तहार /**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरिता पटेल पति रामगोपाल पटेल निवासी विशाल कॉलोनी बिरगांव, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर द्वारा ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बीरगांव, प.ह.न. 88 रा.नि.म. रायपुर-17 बिरगांव, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खाता क्रमांक 577 में खसरा नंबर 80/26 रकबा 348 वर्गफुट भूमि विक्रेता योगेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता रतनलाल अग्रवाल निवासी बिरगांव, रायपुर से क्रय कर विधिवत नामांतरण करा कर राजस्व अभिलेखो में भूमि स्वामी हक में अपना नाम दर्ज कराया गया था। उपरोक्त आवेदित भूमि मेनुअल राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में आवेदिका का नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है, लेकिन ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज नही है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि को ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08/09/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
धरसींवा

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सोहेल मोहम्मद सिद्धिकी सिद्धिकी वालिद हाजी जबीर, मो. सिद्धिकी निवासी- एच 15 शंकर नगर भावना नगर खम्हारडीह कचना रोड़ रायपुर के पक्ष में वाके मौजा शंकर नगर, प.ह.नं. 00063, रा.नि.मं. रायपुर 8 शंकर नगर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं.- 746/2, रकबा 0.0220 हे. अर्थात 2400 वर्गफूट भूमि पर निर्मित मकान नंबर- एच 15, भावना नगर शंकर नगर में अपने हिस्से का हक त्याग मेरे पक्षकार की माता यास्मिन सिद्धिकी एवं भाई शोएब मो. सिद्धिकी, काशिफ मो. सिद्धिकी दोनों पिता हाजी जबीर मो. सिद्धिकी ने कर दिये है अब उक्त सम्पत्ति का हक त्याग विलेख का पंजीयन करवाना मात्र शेष है।

यदि इस हक त्याग विलेख पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार आपत्ति हो वे इस सूचना प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा म्याद गुजरने के बाद हक त्याग विलेख लिखा पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जायेगी।

अतः सूचना जाने।
रायपुर छ.ग. दिनांक- 04.09.2025
भवदीय
एस. एस. कुशवाह, पी. उमा महेश
(अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर बार
रूम नं.-110, टेबल नं.-05,
मो. नं. - 9826156172

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 04/09/2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रवीण बघेल पिता/पति रेशमलाल बघेल निवासी जोरा रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 1063/12 रकबा 0.037 हेक्टेयर का बटांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 18/08/2025 के परिपालन में दिनांक 19/09/2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

**न्यायालयः- श्रीमती स्वर्णलता ओम यादव, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश, रायपुर (छ.ग.)**
प्रो.क.- 55, प्र.क्र.- 247 ए / 2021
पेशी तारीख 22.09.2025
शिवकुमार साहू.......................................वादीगण
विरूद्ध
मुसैमात मांगिन बाई वगै.....................प्रतिवादीगण

**बनाम**- मुसैमात मांगिन बाई, पति - श्री सुखराम, पता - ग्राम सांकरा, तह. - धरसींवा, जिला- रायपुर (छ.ग.)

वादी ने आप प्रतिवादी के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 22.09.2025 को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 02.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

(श्रीमती स्वर्णलता ओम यादव)
मुहर
प्रथम व्यवहार न्यायानीश वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश रायपुर (छ.ग.)

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 8735 दिनांक 09.10.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच. आई.जी- 1/726 को श्री संतोष कुमार नेताम पिता श्री गुहा राम नेताम के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 29.05. 2018 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्री संतोष कुमार नेताम पिता श्री गुहा राम नेताम, निवासीः-302, भैरमगढ़ अस्पताल पारा, भैरमगढ़, जिला-बीजापुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री स्वपन कुमार भट्टाचार्य पिता श्री कामख्या चरण भट्टाचार्जी, निवासीः- ए-213, सनफ्लावर, आशियाना गार्डेन्स, सोनारी जमशेदपुर, पूर्वी सिहभूम झारखण्ड पिन नं. 831011 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच. आई.जी-1/726 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सर्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

HEALTH TOWN
रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु
गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुर्साक्षात् परब्रह्म
तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

# शिक्षा भूमि

## शिक्षक दिवस विशेष...



डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी

भारतवर्ष की महान परंपरा रही है कि यहाँ गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान दिया गया है। "गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः" श्लोक इस भावना को अभिव्यक्त करता है कि गुरु ही सृजनकर्ता, पालनकर्ता और संहारकर्ता के रूप में हमारी जीवनयात्रा को दिशा प्रदान करते हैं। हर वर्ष 5 सितम्बर को सम्पूर्ण देश शिक्षक दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् और दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को समर्पित है।

आज जब हम 21वीं सदी में ज्ञान, विज्ञान और तकनीक की ऊँचाइयों को छू रहे हैं, तब भी शिक्षक की भूमिका पहले की तरह ही महत्वपूर्ण बनी हुई है। शिक्षक ही बच्चों में संस्कार, नैतिकता और मूल्य शिक्षा का संचार करते हैं। वे ही राष्ट्र निर्माण की नींव रखते हैं, क्योंकि किसी भी समाज की प्रगति उसके शिक्षकों की निष्ठा और कर्मठता पर निर्भर करती है।

शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है, बल्कि यह उस गहन कृतज्ञता का अवसर है जो समाज अपने मार्गदर्शकों और पथप्रदर्शकों के प्रति व्यक्त करता है। यह दिन हमें स्मरण दिलाता है कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान केवल शब्दों में ही नहीं, बल्कि अपने आचरण और जीवन में भी करना चाहिए।

आज के बदलते समय में शिक्षा व्यवस्था नई चुनौतियों का सामना कर रही है। डिजिटल माध्यमों, ऑनलाइन कक्षाओं और तकनीकी साधनों के बढ़ते प्रयोग के बावजूद शिक्षक का महत्व कम नहीं हुआ है। बल्कि अब उनकी भूमिका और भी बढ़ गई है, क्योंकि वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं।

शिक्षक दिवस पर हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने शिक्षकों के योगदान को याद करें, उनके प्रति आभार व्यक्त करें और समाज में शिक्षा के प्रसार हेतु संकल्प लें। प्रत्येक शिक्षक का समर्पण ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है।

इस पावन अवसर पर हम सभी अपने शिक्षकों को नमन करते हैं और उनके मार्गदर्शन में एक सशक्त, शिक्षित और संस्कारित भारत के निर्माण का संकल्प लेते हैं।

भारत ज्ञान और शिक्षा की भूमि है। यहाँ की संस्कृति में गुरु को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया गया है। प्राचीन काल से ही गुरु-शिष्य परंपरा हमारी सभ्यता की आधारशिला रही है। उपनिषदों से लेकर महाभारत और रामायण तक हर ग्रंथ में गुरु की महत्ता का उल्लेख मिलता है। कहा गया है—"गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः, गुरु साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।" इस मंत्र से स्पष्ट है कि गुरु को सृजनकर्ता, पालनकर्ता और संहारकर्ता के समान माना गया है।

इसी पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाने और शिक्षक के योगदान का सम्मान करने के लिए हर वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती है। उनका जीवन और विचार शिक्षा को समाज की आत्मा मानते थे। उन्होंने कहा था—"सच्चे शिक्षक वे हैं जो हमें वर्तमान से भविष्य की ओर ले जाने की क्षमता देते हैं।"

### डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन और योगदान

डॉ. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के एक छोटे से गाँव में हुआ। साधारण परिवार से आने के बावजूद उन्होंने शिक्षा के माध्यम से विश्वभर में भारत का नाम रोशन किया। वे एक प्रतिभाशाली शिक्षक, दार्शनिक और विद्वान थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड, मैसूर और कलकत्ता विश्वविद्यालय में अध्यापन किया। उनकी पुस्तकें "इंडियन फिलॉसफी" और "द हिंदू व्यू ऑफ लाइफ" आज भी भारतीय दर्शन की अमूल्य धरोहर मानी जाती हैं।


जब वे राष्ट्रपति बने तो उनके छात्रों और मित्रों ने उनसे जन्मदिन मनाने की अनुमति माँगी। इस पर उन्होंने कहा—"यदि आप सच में मेरा जन्मदिन मनाना चाहते हैं तो इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाएँ।" तभी से 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस पूरे देश में मनाया जाने लगा।

### शिक्षक की भूमिका : केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं

शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। वह केवल किताबों का ज्ञान नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र, संस्कार और सोच का निर्माण करता है। अच्छे शिक्षक विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास जगाते हैं और उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए प्रेरित करते हैं।एक शिक्षक ही है जो एक बच्चे को डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, सैनिक, लेखक या नेता बनाता है। कहा भी गया है—"एक साधारण शिक्षक केवल पढ़ाता है, एक अच्छा शिक्षक समझाता है, एक श्रेष्ठ शिक्षक प्रेरित करता है।"आज की डिजिटल दुनिया में जहाँ गूगल हर सवाल का उत्तर दे देता है, फिर भी शिक्षक की महत्ता कम नहीं हुई। क्योंकि इंटरनेट जानकारी दे सकता है, परंतु दिशा नहीं। मार्गदर्शन केवल शिक्षक ही दे सकता है।



























## खबर संक्षेप

### रंग मंदिर में शिक्षक सम्मान समारोह आज

**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसाइटीज एवं अशासकीय प्राचार्य मंच द्वारा राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छोटापारा स्थित रंग मंदिर गांधी चौक में 5 सितंबर को दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल होंगे और विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे होंगी।

### निगम में शिक्षकों का सम्मान आज

**रायपुर।** निगम के शिक्षा, खेलकूद और युवा कल्याण विभाग द्वारा 5 सितम्बर को शाम 4 बजे महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभा सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में नगर निगम के स्कूलों के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, निगम आयुक्त विश्वदीप सहित एमआईसी सदस्य और पार्षद उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### आशीष गोलू नागदेवे



**रायपुर।** गुढ़ियारी के प्रगति नगर निवासी आशीष नागदेवे गोलू (33) का 4 सितम्बर की रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा श्मशान घाट में किया जाएगा। वे किशोर नागदेवे के बेटे थे।

### अरुण तिवारी

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा निवासी अरुण तिवारी का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 4 सितंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सुबोध तिवारी के भाई और श्रद्धा तिवारी के पिता थे।

# व्यावसायिक शिक्षकों की भर्ती में सबसे अधिक शिकायत, शिक्षा मंत्री ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने मंत्रालय में समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने व्यावसायिक शिक्षकों की भर्ती में सबसे अधिक शिकायतें आने पर नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने कहा, व्यावसायिक शिक्षकों की भर्ती में किसी भी प्रकार का लेन-देन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने गड़बड़ी की पुलिस से जांच कराने के निर्देश दिए।

मंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता सर्वोच्च स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि घटिया या निकृष्ट सामग्री देने वाले आपूर्तिकर्ताओं को काली सूची में डाला जाए। उन्होंने वित्तीय अनुशासन पर बल देते हुए कहा कि बजट का समुचित एवं समय पर उपयोग किया जाए और उपयोगिता प्रमाणपत्र भारत सरकार को समय पर भेजा जाए, ताकि अनुदान की आगामी किस्त समय पर राज्य को प्राप्त हो सके।

### शिक्षा की गुणवत्ता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- यादव




### स्कूलों में आधारभूत सुविधा हो

बैठक में राज्य में संचालित शैक्षणिक योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी अधिकारियों को गंभीरता और जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य के सभी शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में वृद्धि तथा आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मंत्री श्री यादव ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### पोटा केबिनों की सुरक्षा पर दें ध्यान

मंत्री ने छात्रावासों, कन्या छात्रावासों और पोटा केबिनों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। हाल ही में पाकेला (छिंदगढ़ विकासखण्ड) के पोटा केबिन में भोजन में जहरीला पदार्थ मिलाने की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं शासन की छवि को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाती हैं, अतः जिम्मेदारी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## राजिम-गरियाबंद मार्ग पर पोंड गांव के पास किया प्रदर्शन

# मितानिनों को पुलिस ने रास्ते में रोका, नेशनल हाईवे पर चक्काजाम, एक घंटे यातायात ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ और प्रशिक्षण कल्याण संघ गुरुवार को प्रदेश व्यापी हड़ताल पर रहा। राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता स्थल धरना स्थल से मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए रायपुर आ रही मितानिनों को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया। नाराज मितानिनों ने नेशनल हाईवे 130 पर तिरंगा चौक के पास चक्का जाम किया।

■ सीएम हाउस घेराव के लिए रायपुर आ रही थीं अलग-अलग जिलों से निकली मितानिन

हंगामे के बाद उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति दी गई, लेकिन 20 किलो मीटर आगे राजिम गरियाबंद मार्ग पर पोंड गांव के पास उन्हें फिर से रोका गया। इसके बाद नाराज मितानिनों ने दोबारा हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया। इस चक्का जाम के कारण यातायात ठप हो गया। दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शकारियों से बातचीत कर जाम खुलवाने में जुटे। इस दौरान एक घंटे वहां जाम की स्थिति बनी रही।



### नियमितीकरण मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

प्रदेश की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। वे नियमितीकरण, बेहतर मानदेय की मांग, एनजीओ ठेका प्रथा बंद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं। गुरुवार को सुबह प्रदेश के विभिन्न जिलों से मितानिन रायपुर के निकलीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें जगह-जगह रोका। इधर गरियाबंद जिले की मितानिनों को रास्ते में रोके जाने से नाराज मितानिनों ने नेशनल हाईवे 130 जाम कर दिया। सड़क पर बैठकर घंटों नारेबाजी की। इससे यातायात घंटेभर ठप रहा। वहीं बिलासपुर जिले के कोटा में मितानिनों की भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस को हवा में लाठियां लहरानी पड़ी।

### धरना स्थल से सीएम हाउस घेराव के लिए निकाली रैली, ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोका

पुलिस प्रशासन की तगड़े मोर्चेबंदी के बाद भी प्रदेश के विभिन्न जिलों की मितानिनें नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पहुंचीं और अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर हल्ला बोला। हड़ताली कर्मचारियों ने धरना स्थल से दोपहर बाद मुख्यमंत्री निवास के लिए रैली निकाली। इसे पुलिस प्रशासन की टीम ने रेलवे ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी सड़क पर ही 3 घंटे तक लगातार प्रदर्शन करते रहे। बाद में उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारी को अपनी लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

### रायपुर आने से पहले रास्ते में रोका मितानिन नाराज

बालोद, बेमेतरा, सरगुजा, पत्थलगांव, सक्ती से आ रही मितानिनों को पुलिस ने शहर में आने से पहले बाहर रोक लिया। कुछ हड़ताली कर्मचारी भिंभौरी गांव से होते हुए सिलतरा मार्ग से रायपुर पहुंचने में सफल रहे और वे तूता धरना स्थल पहुंचकर प्रदेश स्तरीय रैली में शामिल भी हुए। विदित हो कि प्रदेशभर की 72 हजार मितानिन, 3250 मितानिन प्रशिक्षक, 280 हेल्प डेस्क फेसिलटर और 295 ब्लाक को आर्डिनेटर इस आंदोलन में शामिल रहे। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरोज सेंगर ने कहा है कि सरकार मितानिनों पर अत्याचार कर रही है। गुरुवार को हम गाड़ियों में सवार होकर प्रदेशभर से रायपुर आ रहे थे, लेकिन बीती रात से ही प्रशासन की टीमों ने मितानिनों को रोक रखा है। मितानिन संघ ने सरकार के दमनकारी रवैये को लेकर नाराजगी जताई है।

# चेरिया-बंजारी, पौता सहित कई गांवों में बिजली कटौती से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नया रायपुर क्षेत्र के ग्राम चेरिया, बंजारी, पौता, पचेड़ा सहित आधा दर्जन से अधिक ग्रामवासी पिछले तीन माह से बिजली कटौती से परेशान हैं। इन ग्रामों में हर दिन कभी सुबह, दोपहर तो कभी देर शाम को कई घंटे बिजली बंद कर दी जाती है, जिसके कारण लोग परेशान हो रहे हैं। इन ग्रामों के कुछ सरपंच एवं स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके गांव में बिजली बंद होने तथा कारण की सूचना तक नहीं दी जाती। इस बारे में विद्युत विभाग में संपर्क किया जाता है, तो यह कह दिया जाता है कि मेंटनेंस का कार्य जारी है।

**नया रायपुर की जगह अभनपुर से लाइन कनेक्शन**

ग्राम चेरिया निवासी बल्ला तिवारी ने बताया कि नया रायपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत चेरिया, बंजारी, पौता सहित आसपास लगे कई ग्राम के बिजली की सप्लाई अभनपुर विद्युत स्टेशन से है, जबकि ये सभी ग्राम एनआरडीए के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने कहा कि इन ग्रामों में हर दिन बिजली कटौती हो रही है, जिसके कारण दिनभर में कई बार बिजली बंद कर दी जाती है। कभी भी रात के समय में भी बिजली बंद हो रही है। बिजली बंद होने के कारण गांव के लोग सरपंचों को खरी-खोटी सुना रहे हैं। इन गांव के सरपंचों की ओर से भी कई बार विद्युत विभाग में कटौती करने का कारण पूछा गया है, जिसका जवाब सिर्फ मेंटनेंस कार्य बता दिया जाता है।

### वाट्स एप ग्रुप बना पर शिकायत के कई घंटे बाद लौट रही बिजली

*ग्रामीणों ने बताया कि अभनपुर विद्युत विभाग की ओर से एक वाट्सप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों के साथ इन ग्रामों के सरपंचों सहित कई प्रमुख लोगों के मोबाइल नंबर एड किए गए हैं। यह ग्रुप बिजली बंद होने की सूचना, शिकायत के निराकरण के लिए बनाया है, लेकिन ग्रुप में न ही बिजली बंद होने की पूर्व सूचना डाली जाती है और न ही बिजली बंद होने की शिकायत पर त्वरित समाधान किया जाता है। स्टॉफ की कमी और दूसरे ग्राम में सुधार कार्य जारी होने की बात कहकर कई घंटे बाद शिकायत का निराकरण किया जाता है।*

## पेज 11 के शेष

### कोई भी व्यक्ति...

देना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, थाना प्रभारी, जिला सेनानी होमगार्ड(अग्निशमन) विद्युत विभाग से अनापत्ति प्रमाण आवेदन के साथ देना होगा। आयोजन के लिए निकाय द्वारा तय शुल्क भी अदा करना पड़ेगा। नियम में कहा गया है कि पंडालों,अस्थाई संरचना में लोक सुरक्षा के दृष्टि कोण से यथासंभव सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएँ। पंडालों, अस्थाई संरचनाओं के निर्माण में ज्वलनशील सामग्री जैसे सूखी घास, बिना अग्निरोधक उपचार वाला पतला वस्त्र तथा अत्यधिक प्लास्टिक सजावट का प्रयोग यथासंभव न्यूनतम किया जाए। पंडालों की संरचना इतनी सुदृढ़ होनी चाहिए कि वह अपेक्षित वायु-दाब एवं आगंतुकों के दबाव को सहन करने में सक्षम हो। जटिल या विशाल संरचनाओं के लिए निकायो द्वारा संरचनात्मक स्थायित्व प्रमाण-पत्र लिया जाना होगा।

### अब बिना अनुमति...

के लिए एक निर्धारित प्रारूप में आवेदन देकर तिथि, समय, स्थान एवं शर्तों का पूर्ण पालन करने होगा। इसके लिए स्व घोषणा पत्र भी देना होगा। यही नहीं अब आवेदन में ये भी बताना होगा कि आयोजन का उद्देश्य क्या है। जहां ये करना है वहां का नक्शा, सुरक्षा योजना, एवं स्वच्छता का उल्लेख अनिवार्य रूप से करना होगा।

### अनुमति किसी भी...

अनुमति के बावजूद आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किसी भी समय दी गई अनुमति को सकारण निरस्त कर सकेगा। पंडालों में आयोजित होने वाले किसी विशिष्ट आयोजनों हेतु सक्षम स्वीकृति पृथक से प्राप्त किया जायेगा। इसके अतिरिक्त सक्षम प्राधिकारी उक्त शर्तों के अतिरिक्त अन्य शर्ते जिला कलेक्टर एव पुलिस अधीक्षक की सहमति से जोड़ सकेंगे साथ ही शासन के विभिन्न विभागीय अधिनियम, नियमों एंव समय समय पर जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### सूने मकान का...

चाइल्ड डेवलपर्स सेंटर का ऑफिस है, जहां वह महीने में एक बार जाता है। सरताज 29 अगस्त को अपनी टीम के साथ विशाखापट्टनम गया था। घर पर काम करने आने वाली बाई के माध्यम से सरताज को अपने घर पर चोरी की जानकारी मिली। घर काम करने वाली बाई ने सरताज को घर में चोरी होने की जानकारी दी। इसके बाद सरताज ने अपने पड़ोसियों के माध्यम से वीडियो कॉल कर घर की जानकारी ली। तब उसे चोरी की जानकारी मिली।

### 16 हजार स्वास्थ्य...

सर्वाधिक 1600 कर्मचारियों ने इस्तीफा दिया है। दुर्ग में 850 और रायगढ़ में 500 कर्मचारियों द्वारा सामूहिक इस्तीफा दिया गया है। इसके पहले कार्रवाई करते हुए बुधवार को 25 कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में संगठन के प्रदेश संरक्षक हेमंत सिन्हा और महासचिव कौशलेश तिवारी भी शामिल हैं। खून से खत लिखे जाने से लेकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का मुखौटा पहनकर नृत्य किए जाने सहित विविध तरीकों से धरना-प्रदर्शन किया जा चुका है।

**इधर, चंद मिनटों में खाली की सड़क :** कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें बर्खास्त कर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मांग पूरी होने तक वे हड़ताल जारी रखेंगे। इसके पूर्व विभाग ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र लिखकर 18 अगस्त से अनुपस्थित कर्मचारियों की सूची मंगाई थी। दूसरी ओर, गुरुवार को रायपुर में प्रदर्शन के दौरान मानवीय पहलू देखने को मिला। प्रदर्शन करने और सामूहिक इस्तीफा सौंपने स्वास्थ्य कर्मचारी घड़ी चौक के पूर्व जिला स्वास्थ्य कार्यालय के समक्ष एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों की भीड़ के कारण रास्ता लंबे वक्त तक जाम रहा। एक एंबुलेंस के आने और उसमें मरीज के होने की जानकारी मिलते ही चंद मिनटों में सभी प्रदर्शनकारियों ने सड़क खाली कर दी।

### लाखेनगर में एआई...

प्रयोग करते हुए उन्हें प्रतिमा स्थल से हटाया और वहां बैरिकेड्स लगा दिए। स्थिति को देखते हुए एक दर्जन थानों के टीआई के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात करना पड़ा। हिंदू संगठन से जुड़े लोग समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर अड़े रहे। साथ ही प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे थे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन ने हिंदू संगठन से जुड़े लोगों को समझाने में कामयाबी हासिल की।

# निर्माणाधीन भवन की रेत सड़क पर, ठोका 20 हजार रुपए जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम ने सांई नगर जोरा में सड़क यातयात बाधित कर रखी रेत को जब्त कर निर्माणाधीन भवन स्वामी पर सड़क बाधित करने के लिए 20 हजार रुपए ई जुर्माना किया।

नगर निगम जोन 9 के पंडित लाल बहादुर शास्त्री वार्ड सांई नगर जोरा में सड़क पर रेत डालकर मार्ग बाधित किए जाने की शिकायत जोन दफ्तर में पहुंची। निगम आयुक्त विश्वदीप के संज्ञान में बात आने पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैयद जोहेब, उप अभियंता अतुल बंसल की टीम ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान शिकायत सही पाई गई। जोन 9 के नगर निवेश विभाग की टीम ने तत्काल जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क पर बिखरी रेत को जब्त किया। निर्माणाधीन भवन स्वामी भारती चंद्राकर पर तत्काल 20 हजार रुपए ई जुर्माना किया गया।

### जोरा में नीलम बेकरी पर जुर्माना

नगर निगम जोन 9 के स्वास्थ्य अमले ने जोरा क्षेत्र की नीलम बेकरी की स्वच्छता व्यवस्था का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कचरा फैलाये जाने की जनशिकायत सही मिली। जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने तत्काल नीलम बेकरी के संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए 3 हजार रुपए का ई जुर्माना किया।

# हैदराबाद की कंपनी के 19 उत्पाद अवैध छापामार अफसरों ने जब्त किया स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि विभाग ने हैदराबाद की सहस्त्र क्रॉफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के गोदाम में छापामार कर अवैध रूप से बेची जा रही जैविक खाद जब्त की है। कंपनी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में जैविक उर्वरक लिक्विड एवं उत्पाद बेच रही है। कंपनी का गोदाम राजधानी रायपुर के रावांभाठा में संचालित है। इस कंपनी ने कृषि विभाग से लाइसेंस भी ले रखा है, लेकिन यह लाइसेंस 23 जैव उर्वरक के लिए जी-2 का लिया है। इसके बाद भी गोदाम में 42 जैव उत्पाद और 10 उत्पाद कार्बनिक ब्रांड के 42 उत्पाद के स्टॉक मिले हैं। इससे पता चलता है कि कंपनी अतिरिक्त 19 उत्पादों का कारोबार अवैध रूप से रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कर रही थी।

■ रावांभाठा स्थित कंपनी के गोदाम से 2077 लीटर एवं 13422 किलोग्राम जैव उर्वरक किया जब्त



### विभाग ने निर्माता-विक्रेता दोनों के विरुद्ध बनाया प्रकरण

विभाग ने इस मामले में कंपनी के विरुद्ध उर्वरक-पौध संरक्षण दवाइयों का निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण नियमों का उल्लंघन के मामले में निर्माता कंपनी एवं विक्रेता दोनों के विरुद्ध प्रकरण बनाया है। इस संबंध में कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भेजी गई है। इस मामले में अब कलेक्टर के निर्देश के तहत आगे कार्रवाई होगी।

### जैव उर्वरक जब्त

कृषि विभाग के अधिकारी सतीश अवस्थी ने बताया कि गोदाम से जो अवैध रूप से रखा स्टॉक जब्त किया गया है, उसमें दूसरे ब्रांड का लेबल लगाकर बेचा जा रहा था। कंपनी ने लाइसेंस जैव उत्प्रेरक के नाम से लिया है, जिसका ब्रांड जी-2 है, लेकिन उसकी जगह वह बायो पेस्टीसाइड का लेबल लगाकर इसे बेच रही है।

### अवैध रूप से उत्पाद कर बेच रहे थे उर्वरक

सहस्त्र क्रॉप साइंस कंपनी के गोदाम में टीम ने छापा मारा है। इस दौरान यहां अवैध रूप से स्टॉक किया गया बिना लाइसेंसी उर्वरक जब्त किया है, जिस पर दूसरे ब्रांड का लेबल लगाकर बिक्री की जा रही थी। इस मामले में कार्रवाई के लिए कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपी गई है।

- **सतीश अवस्थी,** जिला कृषि अधिकारी रायपुर

## बिजनेस साइट

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने लॉन्च की 'बॉब डिजि उद्यम' योजना

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए डिजिटल कैश फ्लो आधारित फाइनेंसिंग योजना 'बॉब डिजि उद्यम' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत बैंक 10 लाख से 50 लाख रुपए तक के कोलेटरल-मुक्त वर्किंग कैपिटल लोन प्रदान करेगा। यह पहल केंद्रीय बजट 2024-25 की घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसएमई के लिए बेहतर ऋण मूल्यांकन की बात कही गई थी। 'बॉब डिजि उद्यम' प्लेटफॉर्म डिजिटल फुटप्रिंट के आधार पर तेजी से लोन प्रोसेस करता है, जिससे बाहरी मूल्यांकन की जरूरत नहीं पड़ती। उपयोगकर्ता डीआईवाय या सहायता मोड से आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत कैश क्रेडिट और ओवरड्राफ्ट सुविधाएं भी उपलब्ध हैं और यह सीजीटीएमएसई के तहत पूरी तरह सिक्योरिटी-फ्री है। बैंक के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह ने इसे एमएसई क्षेत्र के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया।

■ एमएसई को मिलेगा 10-50 लाख का कोलेटरल-मुक्त लोन

# आंजनेय यूनिवर्सिटी की तीन बड़ी उपलब्धियां : वैश्विक मंच से तकनीकी शिक्षा तक बिखेरा परचम

**रायपुर।** आंजनेय यूनिवर्सिटी ने शिक्षा, शोध और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में तीन बड़ी उपलब्धियां हासिल कर एक नई पहचान बनाई है। पहला, बॉश इंडिया फाउंडेशन के साथ हुए समझौते के तहत छात्रों को ऑटोमोटिव स्किल्स में 300 घंटे का उन्नत प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। दूसरा, विश्वविद्यालय ने श्रीलंका में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल डेवलपमेंट में भाग लेकर वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। तीसरा, यूनिवर्सिटी को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड



इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से मान्यता प्राप्त हुई है, जिससे अब वह डिजिटल शिक्षा से संबंधित स्तर के कोर्स संचालित कर सकेगी। कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने कहा कि यह कदम विद्यार्थियों के समग्र विकास और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण को सशक्त बनाएगा। विश्वविद्यालय की ये पहल उच्च शिक्षा को रोजगार, नवाचार और वैश्विक सहभागिता से जोड़ती है।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का 'सैचुरेशन कैंप', ग्रामीणों को किया जागरूक






**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय बड़े डोंगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंदागांव में सैचुरेशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक के जनरल मैनेजर श्री पराशर, अधिकारी श्री सावरकर, जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम) कोंडागांव तथा क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित सिंघल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को वित्तीय साक्षरता से जोड़ना और उन्हें बैंकिंग सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जनसुरक्षा योजनाएं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, रि-केवाईसी, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा, मनी म्युल से बचाव तथा अन्य सोशल सिक्योरिटी स्कीम्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

आंखों की सूजन कम करने...

## शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षा की अलख जगाने वाले गुरुजनों ने साझा किए संघर्ष से भरे अपने अनुभव

# गुरुओं के नवाचार से संवर रही जिंदगी, युवा भर रहे हौसले की उड़ान, शिक्षा और खेल में निखारी प्रतिभा

*गुरुओं के सामने देवता भी नतमस्तक होते हैं। इसका जिक्र पौराणिक कथा प्रसंगों में भी मिलता है, लेकिन जीवन में खुद की तकलीफों को दरकिनार कर युवाओं को हौसले की उड़ान देने वाले गुरुओं के संघर्ष की कहानी उन्हें शासन, सत्ता ही नहीं, समाज और विद्यार्थियों के बीच भी अलग पहचान दिलाती है। ऐसी प्रतिभा की धनी सुषमा बग्गा की शिक्षा और उनका संघर्ष एक मिसाल हैं। वहीं मैदान में खेलने के शौक ने निकिता को कोच बनाया। उनके सिखाए प्लेयर्स ने स्टेट और नेशनल लेवल पर बास्केटबाल प्रतियोगिता समेत खेलो इंडिया में भी स्थान बनाया। बोरियाकला में गुरुओं की पहल से आधुनिक दौर में धर्म-संस्कृति की शिक्षा से मिशन-2047 को साकार करने सशक्त प्रयास चल रहा है।*

### कमजोरी को बनाया ताकत, शिक्षिका जगा रहीं अलख



रायपुर। भावना नगर में रहने वाली सहायक शिक्षिका सुषमा बग्गा का जीवन पहले खुद को सपनों के लिए समर्पित रहा। जब 30 साल पहले शिक्षिका बनीं तो संकल्प लिया कि पढ़ाई के लिए हाथ-पैर की दिव्यांगता के चलते जो दिक्कत हुई, उसे भूलकर अब शिक्षा से नई पौध को रोपित करने के लिए नवाचार करेंगी। वर्तमान में वे पारस नगर स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए अपने पास बुलाती हैं। कैलेंडर ब्लैक बोर्ड का इस्तेमाल करते हुए खेल-खेल में गिनती, पहाड़ा, सिलेबस के साथ गणित भी हल करना सिखाती हैं। कोविड के दौरान भी ऑनलाइन क्लास के जरिए दिनभर अलग-अलग पाली में 15 से 20 बच्चों को जोड़कर घर बैठे पढ़ाने का दायित्व निभाया। इन कार्यों के लिए उन्हें कई सामाजिक संस्थाओं, समाचार पत्र समूहों ने भी सम्मानित किया।

**वेतन से 30 हजार शिक्षा पर खर्च**

शिक्षिका सुषमा बग्गा ने बताया कि शासन से मिलने वाले वेतन में से हर साल 25 से 30 हजार रुपए गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा सामग्री, फीस देने सहित खेल सामग्री देने पर खर्च करती हूं। पढ़ाई के समय मैंने आर्थिक तंगी और स्कूल आने-जाने में परिवार पर निर्भरता को महसूस किया है। अब यही प्रयास करती हूं कि जितना संभव होता है, इस जीवन को शिक्षा के लिए ही समर्पित करने का प्रयास करती हूं। गरीबी दूर करने का सफल साधन शिक्षा है, इसे बढ़ावा देने गरीब बच्चों को कोविड के पहले गरीब बस्ती में उन्हीं के घरों में फ्री कोचिंग देती थी। इसमें उनके परिवार के लोग भी सपोर्ट करते थे, जगह उपलब्ध कराने लोग घर से बाहर बैठते थे, ताकि बच्चों की शिक्षा और बेहतरी के लिए प्रयास सफल हो सकें।

### चुनौती को बनाया ताकत, हुनर के दम पर जीते मेडल

#### निकेता के सिखाए बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया में बनाई जगह



शहीद स्मारक स्वामी आत्मानंद विद्यालय में खेल अधिकारी एवं कोच के रूप में सेवा देने वाली निकेता आडिल ने बताया कि पिताजी गरियाबंद में शिक्षक थे। वहीं के स्कूल में आठवीं तक पढ़ाई की। वहां घर के सामने बड़े मैदान में खेलते समय उन दिनों प्रचलित वह बात याद करते हुए ही मैदान में जाती थी, अच्छा खिलाड़ी बनने से रेलवे में नौकरी मिलती है। उस सपने ने मुझे मैदान से जोड़ा और बास्केटबॉल के प्रति लगाव बढ़ा। 9वीं से पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय विद्यालय कचहरी चौक में प्रवेश लिया। यहां उमेश सिंह ठाकुर ने बतौर कोच और मार्गदर्शक प्रतियोगिता जीतने के लिए किस तरह से प्रयास करें, इससे जुड़ी बारीकियां सिखाई। स्कूल-कॉलेज लेवल पर मैंने स्टेट और नेशनल मैचों में 8 मेडल जीते।



**जो इंडिया के लिए खेले, ऐसी प्रतिभा की तलाश**

उन्होंने बताया कि 2011 में खेल अधिकारी के रूप में नियुक्ति के बाद से हर साल सौ खिलाड़ियों को प्रशिक्षण का हिस्सा बनाती हूं। इनमें बास्केटबॉल टीम भी शामिल है। विगत 14 वर्षों में मेरे सिखाए खिलाड़ियों का दो बार खेलो इंडिया के लिए चयन हुआ है। इसके अलावा स्टेट और नेशनल मैचों में खिलाड़ियों ने आठ मेडल जीते हैं। मेरा यही प्रयास है कि ऐसे नए खिलाड़ी तैयार करूं, जो इंडिया बास्केटबॉल टीम का हिस्सा बनें। मैं जिस मुकाम तक नहीं पहुंच पाई, वहां प्रदेश की नई प्रतिभाओं को देखना चाहती हूं। इसके लिए बड़े टूर्नामेंट से पहले 4 से 6 घंटे प्रतिदिन अभ्यास करते हैं। इस क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं।




## गुरुकुल में शिक्षा-दीक्षा, जीवन शिक्षक के रूप में किया अध्यापन को समर्पित



**संजय जोशी ▶▶| रायपुर**

शिक्षक व्यक्तित्व सृजन से राष्ट्र जागरण का नायक होता है। वह अपने जीवन में कठिन साधना से जिस समाज में रहकर ज्ञान व शिक्षा-दीक्षा ग्रहण करता है, उस ज्ञान को उसी समाज को उतनी ही साधना व प्रतिबद्धता से लौटाने संकल्पित और समर्पित भाव से अध्यापन कार्य में जुट जाता है। स्वयं दीपक की तरह जलकर अपने सानिध्य में आने वाले विद्यार्थियों व शिष्यों को ज्ञान के प्रकाश से उन्नति का मार्ग दिखाता है। ऐसे ही गुरुकुल परंपरा के शिक्षक हैं, जो शिक्षा के प्रसार को संकल्पित व समर्पित हैं। राजधानी के बोरियाकला स्थित श्री शंकराचार्य आश्रम के अंतर्गत संचालित जगत गुरुकुलम के वेदाचार्य शिक्षक दीपक पांडे, सौरभ तिवारी, कमल किशोर शर्मा आश्रम के जगत गुरुकुलम में वहां के विद्यार्थियों को शिक्षा-दीक्षा देने में खुद को समर्पित किए हुए हैं। वेदाचार्य शिक्षक दीपक पांडे ने बताया कि वे पिछले 5 वर्षा से नियमित श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला के अंतर्गत संचालित जगत गुरुकुलम में यहां के विद्यार्थियों को शिक्षा-दीक्षा प्रदान करने समर्पित भाव से लगे हुए हैं। उन्होंने 9 वर्ष की उम्र से श्री विद्यामठ काशी बनारस से 7 वर्ष तक वैदिक शिक्षा की कठिन साधना ग्रहण करने के साथ ही साथ आधुनिक शिक्षा अध्ययन करते हुए संपूर्णानंद महाविद्यालय बनारस से हिन्दी साहित्य में स्नाकोत्तर की डिग्री प्राप्त किए हैं। इसके तुरंत बाद ही श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला के अंतर्गत संचालित जगत गुरुकुलम में वेदाचार्य शिक्षक के रूप में अध्यापन कार्य करने पहुंच गए। वहीं वैदिक शिक्षक सौरभ तिवारी 19 वर्ष के हैं, 5 वर्ष के उम्र से ही गुरुकुल परंपरा से शिक्षा-दीक्षा ग्रहण किए हैं। वे साहित्य में 2 वर्ष में अध्ययनरत हैं, साथ ही जगत गुरुकुलम के विद्यार्थियों को शिक्षा-दीक्षा प्रदान करने की समर्पित भाव से रोजाना वैदिक कक्षा में पढ़ा रहे हैं। तीसरे वेदाचार्य शिक्षक कमल किशोर शर्मा ने बताया कि उन्होंने 2018 में पुराण संकाय से ग्रेजुएशन किया है। वे वेद की शिक्षा आश्रम के विद्यार्थियों को दे रहे हैं।

**हस्तमुद्रा के संकेत मात्र से वेदों का स्वर उच्चारण**

जगत गुरुकुलम के आचार्यों द्वारा 6वीं से 9वीं तक की विद्यार्थियों को हस्थमुद्राओं के संकेतों के माध्यम से वेद स्वरों का उच्चारण और मंत्रोच्चरण की शिक्षा दी जा रही है। गुरुकुलम के वेदाचार्य सौरभ तिवारी ने बताया कि वेद के तीन स्वर होते हैं, उदात्त, अनुदात्त और स्वरित इन वेद स्वरों के पाठ के समय विद्यार्थियों को वेद मंत्रोच्चारण के साथ ही वेद स्वरों के लय को दर्शाने के लिए हस्तमुद्रा संकेतों का प्रयोग किया जाता है। रोजाना विद्यार्थियों को वेदों की शिक्षा दी जा रही है। इससे विद्यार्थियों में वैदिक विद्या का प्रसार हो रहा है।

### 4-4 घंटे की दो शिफ्ट में दीक्षा-शिक्षा

जगत गुरुकुलम में शिक्षक विद्यार्थी परंपरा के अनुरूप प्रातः 5.30 बजे रोजाना जागरण करते हैं। 7.15 बजे कक्षा की प्रार्थना में शामिल होते हैं। फिर 7.30 बजे से उनकी वैदिक कक्षा आरंभ हो जाती है। जगत गुरुकुलम के विद्यार्थियों की एक ही दिन में 4-4 घंटे की दो कक्षाएं लगती हैं, जिनमें प्रातः सुबह 7.30 से 11.30 तक वेदाचार्य वैदिक शिक्षा का पाठ पढ़ा रहे हैं। वहीं दोपहर 12 बचे से 4 बजे तक छत्तीसगढ़ शिक्षा बोर्ड से संचालित आधुनिक शिक्षा पाठ्यक्रम का पाठ शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जा रहा है। वैदिक शिक्षा की कक्षा में विद्यार्थियों को वेदाचार्य चारों वेदों की शिक्षा ग्रहण करा रहे हैं। वहीं आधुनिक शिक्षा के शिक्षक मानव राय ने बताया कि जगत गुरुकुलम के 6वीं से 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दोपहर की शिफ्ट में आधुनिक शिक्षा में अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान, गणित, कंप्यूटर की शिक्षा दी जा रही है।

### गुरुकुल परंपरा के साथ कंप्यूटर साइंस की स्मार्ट क्लास भी



जगत गुरुकुलम में शिक्षक विद्यार्थियों को गुरुकुल परंपरा का पालन करते हुए ही आधुनिक शिक्षा प्रदान करा रहे हैं। विद्यार्थीगण आधुनिक कक्षा की क्लास में गुरुकुल परंपरा के अनुसार ही गणवेश धारण कर पहुंचते हैं, जहां आधुनिक शिक्षा के टीचर गुरुकुल के विद्यार्थियों को अंग्रेजी की एबीसीडी, गणित की जोड़, घटाना, गुणा, भाग, जीव विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और कंप्यूटर की स्मार्ट क्लास पढ़ाते हैं। इस प्रकार शिक्षक व विद्यार्थी दोनों ही गुरुकुल परंपरा का पालन करते हुए अध्ययन व अध्यापन कार्य में लगे हुए हैं।

## शिक्षिका लगा रहीं बिल्लस, गोंटा पासिंग गेम, मल्टीमीडिया की क्लास

### अभनपुर ब्लॉक के शासकीय हाईस्कूल कोलर की शिक्षिका डॉ. माधुरी बोरेकर की साइंस की शिक्षा के क्षेत्र में पहल



केमिस्ट्री सब्जेक्ट की परमाणु की कक्षाओं में इलेक्ट्रॉन भरने के क्रम के चैप्टर को स्टूडेंट्स पारंपरिक बिल्लस खेल से समझ रहे हैं। वहीं बायोलॉजी के जैवविविधता वर्गीकरण का चैप्टर स्टूडेंट्स अपने स्कूल कैंपस से विभिन्न वस्तुएं, जैसे लकड़ी, पत्थर, फूल, पत्ते को ग्रुप में इकट्ठे कर जान-समझ रहे हैं। इसी तरह भौतिक शास्त्र को पारंपरिक खेल गोंटा, पासिंग गेम व मल्टीमीडिया वीडियो और सांग्स से पढ़ रहे हैं।

जिले के अभनपुर ब्लॉक स्थित शासकीय हाईस्कूल कोलर की शिक्षिका डॉ. माधुरी बोरेकर साइंस विषयों को कक्षा में सरल व रचनात्मकता के साथ छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए नवाचार कर रही हैं। शिक्षिका डॉ. बोरेकर ने बताया कि उन्होंने एमएससी, पीजीडीसीए, एमएड, पीएचडी की डिग्री ली है। वे वर्तमान में साइंस संकाय की शिक्षिका के तौर पर अभनपुर ब्लॉक के शासकीय हाईस्कूल कोलर में पदस्थ हैं। स्कूल के बच्चों को साइंस सब्जेक्ट को सैद्धांतिक तौर पर स्टडी की जगह प्रैक्टिकल के साथ पढ़ाती हैं। कक्षा में केमिस्ट्री, भौतिक शास्त्र, जीव विज्ञान के विषयों के चैप्टर को पारंपरिक खेल बिल्लस, गोंटा, पासिंग गेम व मल्टीमिडिया वीडियो व सांग्स से बच्चों को समझाती हैं। इससे छात्र-छात्राएं सब्जेक्ट के चैप्टर को प्रैक्टिकल के जरिए सरलता से समझ पा रहे हैं। साथ ही साइंस सब्जेक्ट में पढ़ाई को लेकर छात्र-छात्राओं में रुचि बढ़ी है। आज शिक्षक दिवस पर शासकीय हाईस्कूल कोलर की साइंस शिक्षिका डॉ. माधुरी बोरेकर की एक शिक्षक के नाते शिक्षण कार्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, ज्ञान व नवाचार प्रेरणादायक हैं।

**प्रयोगशाला के लिए स्वयं बनाते हैं देशी जुगाड़**

शिक्षिका डॉ. माधुरी बोरेकर बताती हैं कि साइंस के प्रयोग के लिए छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर जुगाड़ से माइक्रोस्कोपी, प्याज की स्लाइड देखने सेफ्रोनिन की जगह पैरों में लगाने वाला आलता, पत्तियों का स्टोमेटा देखने नैल पॉलिश, फेविकॉल को कोट कर माइक्रोस्कोप से देखने आदि साइंस के प्रैक्टिकल वर्क प्रयोगशाला में देशी जुगाड़ से करती हैं। उन्होंने बताया कि इससे छात्र-छात्राओं से अपने आसपास उपलब्ध सामग्रियों का इस्तेमाल प्रयोगशाला में कैसे किया जा सकता है, इसके लिए रचनात्मक विकास किया जा रहा है।

**कला -विज्ञान की रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी**

शिक्षिका ने आगे बताया कि वे जिले में विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए जिला स्तरीय टीम में सहायक जिला समन्वयक को-ऑर्डिनेटर के रूप में भी भागीदारी निभा रही है। साथ ही नृत्य एवं ड्रामा कला में भी दक्ष हैं, पिछले दिनों खेल विभाग द्वारा सिविल सर्विसेस के अंतर्गत आयोजित नृत्य अवाम ड्रामा कला में राज्य की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर 2 बार राज्य को रिप्रजेंट कर चुकी हैं। खेल में भी ब्लॉक एवं जिला स्तर पर विजेता रही हैं। वे स्कूल के बच्चों को साइंस गतिविधियों, कला व खेल से जुड़ी विविध प्रतियोगिताओं में भाग लेने प्रोत्साहित करती हैं। एक छात्र ने साइंस सेंटर के लिए वेबसाइट बनाई है तो कई बच्चे कला व साइंस से जुड़ी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

**शिक्षक दिवस पर राज्यपाल से शिक्षक सम्मान के लिए चयनित शिक्षकों ने साझा की यादें और बताया कैसे किया नवाचार**

# क्लास रूम को बनाया बाजार और सब्जेक्ट पढ़ाने तैयार की लघु फिल्म

*रायपुर। शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं सेवाओं के लिए राज्यपाल शिक्षक सम्मान वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेशभर के 64 शिक्षकों का चयन किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के चयनित शिक्षकों को राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। सम्मान के लिए आए शिक्षकों से हरिभूमि ने खास बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपने प्रयासों को साझा किया।*

### बैगा जनजाति की संस्कृति को बचाने का प्रयास



***गौरेला-पेंड्रा के मरवाही से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकरकला की प्राचार्य आरती तिवारी*** को सम्मानित किया जाना है। वे विगत 30 साल से शिक्षा से जुड़ी हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं कला के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बैगा जनजाति की बहुलता है। उनकी पारंपरिक कला आधुनिकता की दौड़ में धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। उसे संरक्षित करने के लिए स्कूलों में बुजुर्ग आदिवासियों को आमंत्रित कर विशेष ट्राइबल आर्ट कार्यशाला करती हैं। इस प्रयास से छात्रों में अपनी संस्कृति व विरासत के प्रति रुचि जागृत हुई है। कई विद्यार्थियों ने कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी ली है।



**कम संसाधनों में भी शिक्षा देने किया नवाचार** : ***मुंगेली के शासकीय प्राथमिक शाला करही की शिक्षिका सुधा रानी शर्मा*** को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने रचनात्मक शिक्षण प्रणाली और नवाचार से ग्रामीण क्षेत्र में छात्रों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया है। अंग्रेजी के ए, बी, सी, डी..., हिंदी के अक्षर और गणित की गिनती को संगीत तथा लय में बच्चों को सिखाने प्रयोग किया। इससे छोटे बच्चों में सीखने की रुचि और समझ में तेजी से सुधार आया। साथ ही 'अंगना म शिक्षा अभियान' के तहत शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए घर में मौजूद गमले, फूल, भोजन, रंग और फल जैसी घरेलू वस्तुओं से बच्चों को छत्तीसगढ़ी, हिंदी और अंग्रोजी में सिखाने का प्रयास किया।

### बाजार बना क्लासरूम, बच्चे सीख रहे लेनदेन का तरीका

***सारंगढ़-बिलाईगढ़ की सहायक शिक्षिका सुनीता यादव*** ने शिक्षा को किताबों तक सीमित न रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को व्यावहारिक और रचनात्मक तरीके से जोड़ने का प्रयास किया है। छात्रों में सीखने की रुचि बढ़ाने के लिए लघु फिल्म तैयार की है, इससे बच्चों को कठिन सवाल भी आसानी से समझ आते हैं। पढ़ाने के लिए



मिट्टी, रंगोली, आटा, माहुर और हाथों से कलाकारी करती हैं। चित्रों से शिक्षा को जीवंत कर रही है। बच्चों को आर्थिक और गणितीय समझ देने के लिए नवाचार किया। हर सप्ताह स्कूल के बाद बाजार में छोटा सब्जी स्टॉल लगाने प्रेरित किया। जहां वे खुद सब्जियां बेचते हैं। इसमें बच्चे किलो-ग्राम की गिनती, पैसों के लेनदेन और बिक्री कौशल सीखते हैं।



## शहर में विराजे गणपति


श्री महाकाल गणेश उत्सव समिति, सुदामा नगर, टिकरापारा


ऐश्वर्या एम्पायर सोसायटी लभांडी


शुभम चौक गणेशोत्सव समिति, माना बस्ती


कचना स्थित विधानसभा कॉलोनी में गणेश उत्सव


श्री गणेश उत्सव समिति अवधपुरी, भाठागांव


बोल बम गणेश उत्सव समिति रोहिणीपुरम तालाब क्षेत्र


अर्जुन नवयुवक मित्र मंडल समिति राजातलाब

मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित पावस प्रसंग के मंच पर शास्त्रीय नृत्य और गायन से कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध

# शिव की जटाओं से बहते गंगाजल, गले में लिपटे सर्प नंदी की सवारी और डमरू की गूंज से सजी लीला








रायपुर। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पावस प्रसंग में गुरुवार की शाम शास्त्रीय नृत्य और उप-शास्त्रीय गायन की बेजोड़ प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक संध्या को सुर, ताल के साथ ही लय और भाव से भर दिया। इसमें प्रदेश के कलाकारों ने एकल नृत्य के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय कला की गहराइयों को दर्शाया और श्रोताओं को आत्मीय सांगीत अनुभव से जोड़ दिया। इस मौके पर कत्थक नृत्य में चिरंजीवि हलधर और सचिन कुम्हरे ने अपनी भावपूर्ण और लयबद्ध प्रस्तुतियों से मंच से दर्शकों को जोड़े रखा। वहीं उप-शास्त्रीय गायन में संजू चौहान ने ठुमरी, बंदिशों, गजल और सूक्ष्म स्वरों से संगीत प्रेमियों को भाव विभोर किया। इसका दर्शकों ने भी उतनी ही संजीदगी से लुत्फ उठाया। हर संगीतमय प्रस्तुति को कला प्रेमियों ने खुले दिल से सराहा।

### कथक में ताल और भाव का अद्भुत संगम

प्रोग्राम की शुरुआत शास्त्रीय नृत्य कर्ता चिरंजीवि हलधर की भावपूर्ण कत्थक प्रस्तुति से हुई। इसमें कत्थक के प्रमुख तत्व लयकारी, ठाठ, आमद, तोड़े, तुकड़े, परण और तिहाइयां को बारीकी से पेश किया गया। मंच पर परंपरा और रचनात्मकता का संतुलन बखूबी दर्शाया गया। विशेष आकर्षण का केंद्र महाराज चक्रधर सिंह द्वारा रचित बंदिश दल बादल, परण और गज विलास की प्रस्तुति रही। रचनाओं की मंचीय प्रस्तुति के दौरान ताल और भाव के अद्भुत संगम ने दर्शकों की खुब तालियां बटोरी।

*जटा टवी गलज्जल प्रवाह पावित स्थले... शिव तांडव स्तोत्र से शुरू हुए कथक नृत्य की प्रस्तुति में भगवान शिव के रूपों को कलाकारों भावपूर्ण रूप में पेश किया। कथक नर्तक सचिन कुम्हरे ने शिव के जटाओं से बहते गंगाजल, गले में लिपटे सर्प, नंदी की सवारी और डमरू की गूंजती ध्वनि के बीच नृत्य की बेजोड़ प्रस्तुति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। नृत्य में भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों और उनके डमरू से निकलने वाली "डमड्डमड" ध्वनि को विशेष संगीत संयोजन के साथ पेश किया। सचिन कुम्हरे ने नृत्य, भाव-भंगिमा और संगीत से यह दिखाने का प्रयास किया कि डमरू की ध्वनि केवल लय नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय सृजन, संरक्षण और विनाश का भी प्रतीक है।*

### गज विलास में हाथी की चाल व स्वरूणों का वर्णन

रायगढ़ व जयपुर घराना से विशेष बंदिशों व ताल मुद्राओं पर कत्थक कलाकार सचिन कुम्हरे ने मनमोहक मंचीय प्रस्तुति दी। जहां तृ-ताल में शुद्ध कत्थक विलंबित ठाठ और चलन की प्रस्तुति देखने को मिली। जिसके बाद राज चक्रधर की रचना उपोदघात, गजविलाश, गज पलन, जोरापलन की प्रस्तुति रही। इस दौरान गजविलास अद्भुत रहा, जिसमें हाथी की चाल, मनमौजी अंदाज में भ्रमण करना व अनेक स्वरूपों का वर्णन किया गया।

### सलोना सा सजन है... ग़ज़ल भी की पेश

पावस प्रसंग में उप शास्त्रीय गायिका संजू चौहान ने अनोखे अंदाज में ठुमरी, ग़ज़ल, बंदिशों को स्वरों की सुंदर प्रस्तुति से समा बांधा। गायन में चले गए दिल के दामन गीर..के संगीत संध्या की शुरूआत हुई। इसके बाद बरसन लागी सावन बुंदिया ..हमरी अटरिया पे आओ रे सांवरिया..की प्रस्तुति दी। अंत में लोकप्रिय ग़ज़ल ने दर्शकों का ध्यान केंद्रित किया, इसमें सलोना सा सजन है, और मैं हूँ जिया में एक अगन है...के साथ हुई। इस प्रस्तुति ने संगीत प्रेमियों को शास्त्रीय संगीत का बेजोड़ माहौल दिया।

# तस्वीरों में कैद राजधानी की खूबसूरती वाइल्ड लाइफ के फोटो भी रोमांचक

रायपुर। रायपुर प्रेस क्लब में बुधवार को विनय शर्मा स्मृति फोटोग्रॉफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए और दिवंगत विनय शर्मा को नमन किया। यह प्रदर्शनी 5 सितंबर तक आयोजित है, जिसमें 30 से ज्यादा पत्रकारों की कई फोटो प्रदर्शित की गई हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ की विरासत की कई झलकियां हैं। इसमें राज्य के हैरिटेज, संस्कृति, नेचर, वाइल्ड लाइफ, शहर के चौक-चौराहों को खूबसूरती से कैमरों में कैप्चर किया गया है।



### तस्वीरों में वाइल्ड लाइफ को किया जीवंत

वाइल्ड लाइफ में विभिन्न जीव-जंतुओं की फोटो को कैप्चर किया गया हैं, जिसमें शेरनी अपने बच्चे को मुंह से पकड़कर सुरक्षित ले जाती दिखाई देती है। बाघ शान से जंगल के रास्ते चलते नजर आया। वहीं हाथियों का झुंड नदी में मस्ती करते, हिरणों की टोली घास चरते, सफेद बाघ दहाड़ते हुए दिख रहा। कुछ इसी तरह से वाइल्ड लाइफ को तस्वीरों में जीवंत किया गया है।

*आदिवासी संस्कृति और सभ्यता की प्रस्तुति : प्रमुख स्थलों, मंदिरों व हैरिटेज को भी दिखाया गया है। टाउन हॉल, दूधाधारी मठ, सिरपुर जैसे कई ऐतिहासिक स्थलों को भी कैमरे में कैप्चर किया गया है। आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को भी खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया गया है।*

### ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में रिक्शा और मछुआरे

प्रदर्शनी में शहर के मशहूर चौक-चौराहों को प्रदर्शित किया गया हैं, जिसमें मरीन ड्राइव, घड़ी चौक, जय स्तंभ जैसे चौराहे नजर आ रहे हैं, जो शहर को खूबसूरत और सुंदर बनाते हैं। साथ ही ड्रोन से बूढ़ातालाब को कैप्चर किया है। ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में एक व्यक्ति रिक्शा चलाते हुए तो वहीं दूसरी ओर धान की सफाई करते कठिन परिश्रम करता दिखता है। एक तस्वीर में कुछ मछुआरे जाल से मछलियां पकड़ते नजर आए। कुछ महिलाएं कंप्यूटर प्रशिक्षण ले रही हैं और उनकी आंखों में सीखने की लालसा दिखाई दे रही हैं।

# सर्वत्र-सर्वदा सब में भगवान का दर्शन करना ही भागवत का धर्म



रायपुर। बोरियाकला स्थित श्री शंकराचार्य आश्रम में जारी श्रीमद भागवत प्रसंग में कथावाचक स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने गुरुवार को भागवत धर्म पर उपदेश दिया। बताया कि भगवद अर्पण बुद्धिपूर्वक किया गया कर्म भागवत में धर्म कहलाता है। नवयोगीश्वर संवाद में नारद भगवान श्रीकृष्ण के माता-पिता वसुदेव और देवकी को ज्ञान देने उनके महल पहुंचे। उन्होंने नवयोगीश्वर का संवाद में बताया कि भगवान के लिए शरीर, वाणी, मन, इंद्रियों, बुद्धि, अहंकार और आदत से कोई भी कर्म करें, वह परम ब्रह्म परमात्मा को यदि समर्पित करता है तो इतना करने मात्र से उसे भागवत धर्म का पुण्य मिलेगा। नवयोगीश्वर सर्वत्र सर्वदा सब में भगवत दर्शन करते हुए विचरण करते हैं। सर्वत्र सर्वदा सब में भगवान का दर्शन करना ही भागवत का धर्म है।

### नारद को ब्रह्म ज्ञान देने का आदेश दिया

सर्वदा असंग रहना ही भक्ति का लक्षण है। संसार के प्राणी आत्मभाव होने से दुखी हैं। उनकी बुद्धि सदा उद्विग्न रहती है। अगर भगवान का भजन करें तो निर्भय हो जाएंगे। इस प्रकार नवयोगेश्वर राजा निमि को उपदेश देते हैं। इसी दृष्टांत का आधार करके नारद ने देवकी और वसुदेव को भगवान की आज्ञा पर ब्रह्म ज्ञान का उपदेश दिया। वसुदेव और देवकी का भगवान श्रीकृष्ण में पुत्र भाव था, इसलिए उनके उपदेश का उन पर कोई प्रभाव नहीं हुआ। श्रीकृष्ण ने वसुदेव और देवकी की मुक्ति के लिए नारद को ब्रह्म ज्ञान देने का आदेश दिया था। नारद ने भगवान की आज्ञा को शिरोधार्य करके वसुदेव और देवकी को ब्रह्म ज्ञान देकर मुक्त किया।
























शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार क्रय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428 ।



शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।




मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | सोफा कमबेड | सोफा कव्हर | टावेल | रजाई-गद्दा कव्हर |
| | कम्फर्ट दोहड़ | प्रोटेक्टर | रूई गद्दा | तकिया | |

संजय रूई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य स्तरीय शूटिंग में 13 जिलों के निशानेबाज दिखा रहे हुनर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन और जिंदल स्टील समूह के सहयोग से चौथी बटालियन माना कैंप परिसर में राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 13 जिलों से महिला, पुरुष और जूनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आयोजन का शुभारंभ 28 अगस्त को हुआ जिसमें 29 और 30 अगस्त को प्रशिक्षण सत्र रखे गए, जिसके बाद 31 अगस्त से मैचों की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल और एयर राइफल में महिला, पुरुष और जूनियर वर्ग के मुकाबले हो रहे हैं। इसके अलावा 50 मीटर ओपन साइट राइफल और पीपी साइट राइफल में थ्री पोज़िशन शूटिंग तथा 25 मीटर वर्ग में पुरुषों के लिए सेंटर फायर पिस्टल, स्टैंडर्ड पिस्टल व भारत पिस्टल और महिलाओं के लिए भारत पिस्टल इवेंट आयोजित किए गए हैं। प्रतियोगिता का आयोजन सन 2002 से लगातार किया जा रहा है। यहां भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा निर्धारित स्कोरिंग मानक लागू हैं। खिलाड़ी यदि निर्धारित स्कोर हासिल कर लेते हैं तो उन्हें ईस्ट जोनल और पी वी मावलंकर स्तर पर खेलने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन से प्रदेश में शूटिंग खेल को नई दिशा मिल रही है। निश्चित तौर पर ये आयोजन लगातार प्रदेश की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराती है और खिलाड़ियों के लिए मजबूत आधार तैयार कर रही है।

### जिला स्तरीय अंतर-विद्यालय बास्केटबॉल आज से



**रायपुर।** क्रीड़ा भारती के द्वारा जिला स्तरीय अंतर-विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता (बालक/बालिका) का आयोजन नेताजी सुभाष स्टेडियम मे 5 से 7 सितंबर तक किया जा रहा है। उद्धघाटन सुबह 11 बजे होगा। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट पद्धति से खेली जाएगी। प्रतियोगिता में 2007 एवं इसके बाद जन्म लेनेवाले स्कूल के खिलाड़ी अपने स्कूल के तरफ से भाग ले सकते है। प्रतियोगिता में एंट्री निःशुल्क है।

## आयरन की कमी को दूर कर सकते हैं आयुर्वेदिक टिप्स

# शरीर में आयरन की कमी से कमजोरी के साथ होती हैं कई परेशानियां, उपचार के लिए आयुर्वेद में है कुछ आसान उपाय

क्या शरीर में आयरन की कमी से होने लगी है परेशानियां? ऐसे में आयुर्वेद आपकी मदद कर सकता है। आइए, यहां एक्सपर्ट से जानते हैं कि कौन-कौन से आयुर्वेदिक टिप्स आयरन की कमी को दूर कर सकते हैं। हर समय थकान का महसूस होना, हाथ-पैर ठंडे हो जाना, कभी-कभी चक्कर आ जाना शरीर में आयरन की कमी की निशानी हो सकते हैं। आयरन शरीर के लिए ऐसा जरूरी तत्व है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आयरन की कमी की वजह से एनीमिया का रिस्क भी बढ़ जाता है, जो महिलाओं की सेहत के लिए सही नहीं माना जाता है।

आयरन की कमी को दूर करने के ऐसे तो कई तरीके हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि कुछ आयुर्वेदिक टिप्स को अपनाकर भी आयरन की कमी को दूर किया जा सकता है। जी हां, आयरन की कमी को दूर करने के टिप्स डॉ. चैताली राठौड़ ने सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।

### होते आयरन की कमी को दूर करने के लिए आयुर्वेदिक टिप्स

एक्सपर्ट के मुताबिक, आजकल लो आयरन और हीमोग्लोबिन की समस्या बहुत कॉमन होती जा रही है। जिन लोगों को हार्मोन इश्यू, इनफर्टिलिटी, मोटापा, कब्ज, बवासीर या लीवर की बीमारी होती है उनके शरीर में ज्यादातर आयरन की कमी होती है। ऐसे में कुछ आयुर्वेदिक टिप्स आपके लो आयरन और हीमोग्लोबिन लेवल को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

### आंवला और शहद

एक्सपर्ट के मुताबिक, आंवला में विटामिन सी और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। रोजाना आंवला का सेवन करना लो हीमोग्लोबिन में फायदेमंद हो सकता है और शरीर में रेड ब्लड सेल्स की मात्रा को भी बढ़ाने में मदद कर सकता है। आंवला और शहद के कॉम्बिनेशन का बेहतर रिजल्ट के लिए



सुबह सेवन करने की सलाह दी गई है।

### मेथी के बीजों का पानी

मेथी के बीजों के पानी का सेवन करना भी आयरन की कमी को दूर करने में मदद करता है। इसके लिए मेथी के बीजों को रातभर पानी में भिगोकर रख दें और फिर छानकर पानी का सेवन कर सकते हैं। साथ ही आप मेथी के बीजों के पानी से चावल या खाना पकाने में भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कद्दू, तिल और सरसों के बीज

कद्दू, तिल और सरसों के बीजों के मिक्चर का सेवन करना भी आयरन की कमी को दूर करने में मदद कर सकताहै। इन बीजों में आयरन की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद कर सकता है। डाइट में कद्दू के बीजों को शामिल करने से रेड ब्लड सेल्स के प्रोडक्शन में मदद मिलती है। इन सभी बीजों को एक जैसी मात्रा में मिलाकर रोजाना सुबह के समय खाना फायदेमंद हो सकता है।

एक्सपर्ट के मुताबिक, आयरन की कमी को कम करने के लिए इन आयुर्वेदिक टिप्स को हर उम्र के लोग अपना सकते हैं, लेकिन जिन्हें आर्थराइटिस की समस्या है उन्हें आंवला के सेवन से बचने की सलाह दी गई है। और जिनका ब्लड शुगर लेवल कम रहता है उन्हें कसूरी मेथी का सेवन करने से बचना चाहिए।

### आयरन की कमी दूर करने के अन्य उपाय


हरी सब्जियांः आयरन की कमी को दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। क्योंकि हरी सब्जियों में आयरन की मात्रा भरपूर होती है जो शरीर में रेड सेल्स को बनाने में मदद करता है।

दाल और फलियांः आयरन की कमी को दूर करने के लिए सफेद चने, सोयाबीन, मसूर की दाल, चना दाल आदि का सेवन करने की भी सलाह दी जाती है। क्योंकि इनमें आयरन के साथ प्रोटीन भी भरपूर मात्रा में होता है जो मसल्स को मजबूत करने में मदद करता है।



## इविल आई बचाती है बुरी शक्तियों से नजर दोष के असर से रहेंगे हमेशा दूर

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इविल आई एक सुरक्षा कवच की तरह काम करती है, जो नकारात्मक तरंगों को दूर रखती है। इसे लोग अलग तरह से पहनते हैं। आइए जानें क्या ईविल आई पहनने से नकारात्मक ऊर्जा आकर्षित होती है। बुरी नजर से बचाव के लिए इविल आई या नजर बट्टू पहनने की परंपरा सदियों पुरानी है। यह परंपरा भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया की कई संस्कृतियों में भी प्रचलित है। इसका नीला और काला रंग और आंख जैसी आकृति को किसी भी तरह की बुरी नजर से बचाने का तरीका माना जाता है। यह आकृति सदियों से नकारात्मक शक्तियों से बचाव का प्रतीक मानी जाती है। लोग ऐसा मानते हैं कि इसे पहनने से ईर्ष्या और नजर दोष से मुक्ति मिलती है। ज्योतिष शास्त्र में इविल आई को अलग नजरिये से देखा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आप इसे सही तरीके से नहीं पहनती हैं तो उसके बुरे परिणाम भी हो सकते हैं। यही नहीं कई लोगों का मानना है कि यदि हम गले, हाथ या पैर में ईविल आई पहनते हैं, तो इससे और भी ज्यादा बुरी शक्तियां आकर्षित होती हैं। अगर हम ज्योतिष की मानें तो ऐसा कहना ठीक नहीं हैं। आइए एस्ट्रोलॉजर अमिता रावल से जानें कि क्या इविल आई पहनने से बुरी शक्तियों को दूर करने के बजाय और ज्यादा आकर्षित होती है।



## एसिडिटी को दूर भगाने के लिए जरूरी है योगासन

गैस व एसिडिटी की समस्या आम है, हालांकि कई बार यह स्थिति गंभीर हो जाती है। खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान के कारण पेट संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। एसिडिटी या गैस की समस्या से राहत पाने के लिए कई बार लोग दवाओं का सहारा लेते हैं। हालांकि दवाओं से लंबे समय तक पेट संबंधित बीमारियों का इलाज नहीं करना चाहिए। तीखा, मसालेदार खाना और अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन से गैस व एसिडिटी की शिकायत बढ़ सकती है। धूम्रपान, चाय और कॉफी इस समस्या को बढ़ा देते हैं। कुछ सरल योगासनों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे अपच, गैस या एसिडिटी का उपचार ध्यान और योग के जरिए किया जा सकता है। योग से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और एसिडिटी व गैस को कम किया जा सकता है।

**वज्रासनः** भोजन को पचाने के लिए और गैस व एसिडिटी की संभावना को कम करने के लिए वज्रासन असरदार है। वज्रासन योग पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। कब्ज, एसिडिटी, बवासीर, आंतों की गैस आदि के ठीक रखने के लिए वज्रासन योग कर सकते हैं। वज्रासन करने के लिए घुटनों के बल बैठकर दोनों पैरों की उंगलियां एक साथ रखें और एड़िया अलग रखें। सिर और पीठ को सीधा रखते हुए घुटनों को आपस में जोड़ लें। आंख बंद करके सामान्य रूप से सांस लें और कम से कम 10 मिनट तक बैठें।

**बालासनः** एसिडिटी की समस्या को दूर करने के लिए बालासन कर सकते हैं। इस आसन से पेट के अंदरूनी अंगों की अच्छी तरह से मालिश होती है।

इस योग को करने के लिए रीढ़ को सीधा रखते हुए वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। सांस लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाएं। सांस छोड़ते हुए दोनों हाथों को सीधा रखते हुए माथा जमीन पर टिकाएं। इसके बाद कमर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं और 30 सेकेंड तक इसी मुद्रा में बने रहें। फिर वज्रासन मुद्रा में वापस आ जाएं।

**हलासनः** एसिडिटी और गैस की समस्या को दूर करने के लिए हलासन का अभ्यास कर सकते हैं। कब्ज, अपच और अन्य पाचन समस्याओं के लिए हलासन असरदार है। इस आसन को करने के लिए पीठ के बल लेटकर हथेलियां जमीन की तरफ रखें। सांस भरते हुए अपने पैरों को ऊपर उठाएं और 90 डिग्री का कोण बनाएं। धीरे धीरे सांस छोड़ते हुए पैरों के पंजों को जमीन से छूने की कोशिश करें। हाथों को कमर से हटाकर जमीन पर सीधा रखें।




# शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुर्साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है, जो हमारे जीवन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करने का एक विशेष अवसर है। यह दिन भारत के दूसरे राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने शिक्षा और शिक्षक समुदाय के प्रति अपने योगदान से समाज को नई दिशा दी। डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षक ही समाज के असली निर्माता होते हैं और उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी शिक्षा को समर्पित कर दी।शिक्षक दिवस का महत्व केवल एक दिवस के रूप में सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में शिक्षकों की भूमिका, उनकी महत्ता और उनकी असाधारण सेवाओं को मान्यता देने का एक अनूठा माध्यम है। शिक्षक सिर्फ पाठ्यक्रम और पुस्तकों तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे हमारे मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत और जीवन में सही दिशा दिखाने वाले होते हैं। वे हमारे अंदर छिपी हुई क्षमताओं को पहचानते हैं और हमें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करते हैं। उनके बिना हमारा जीवन अंधकारमय और दिशाहीन हो सकता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विद्यार्थी अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, संगीत, और नाटक प्रस्तुत करते हैं। इसके अतिरिक्त, पुरस्कार वितरण समारोह और शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है।

Happy Teacher's Day
M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY RAIPUR
(Approved/ Affiliated-CSVTU-DTE-PCI)
SANTOSHI NAGAR MATHPURENA, RAIPUR (C.G.)
1 KM FROM RAIPUR BUS STAND
रायपुर शहर में स्थित एक मात्र कॉलेज
D.PHARMA
B.PHARMA
B.PHARMA (Lateral Entry) (2nd Yr. Direct Admission)
(THE ONLY COLLEGE IN RAIPUR CITY)
HOSTEL/SCHOLARSHIP FACILITY
एडमिशन के लिए संपर्क करें या ऑनलाइन रजिस्टर करें
www.makazadpharmacy.com
CONTACT FOR ADMISSION OR REGISTRATION
0771-4913335, 94252 14413, 99812 24037, 93296 21221

भारत माता की जय
एक विनम्र अपील...
अभिभावकों से: अपने घर के आसपास के कम से कम दो निर्धन बच्चों को निःशुल्क अध्यापन कराएं।
शिक्षकों से: ट्यूशन हेतु अपने बच्चों की फीस पटाने में असमर्थ अभिभावक के बच्चों के लिए निःशुल्क विद्यादान करें।
अपनी रचनात्मकता और सृजनात्मकता से विद्यार्थियों के भविष्य को गढ़ने वाले समस्त शिक्षकों को
शिक्षक दिवस पर अनंत बधाई...
मुकेश शाह
- संचालक -
वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, रायपुर
- संयोजक -
तिरंगा वंदन मंच, रायपुर
जीते जी रक्तदान - जाते जाते नेत्रदान

CHHATTISGARH EDUCATION AND CAREER GUIDANCE
" GET ADMISSION IN TOP MBBS MEDICAL COLLEGES"
Registration Start for 2025-26
STUDY IN INDIA
MBBS BAMS BDS
Chhattisgarh, Odisha, Rajasthan, Bihar, Maharastra, Andhra Pradesh, Madhya Pradesh
Haryana, Karnataka, West Bengal, Telangana, Jharkhand, Uttrakhand, Utter Pradesh
Happy Teacher's Day
9981066733, 9522730733, 07714338442
Cgeducationcareer@gmail.com

सफलता के सूत्र:- ★ संकल्प ★ साधना ★ समर्पण
छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति
अग्रसेन महाविद्यालय
[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) & 12B]
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि.वि. से संबंद्ध
शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं.
उपलब्ध पाठ्यक्रम...
B.Com, BBA, BCA, BAMC, B.Sc. Computer Science, B.Sc. Electronic Media, M.Com, MSW, MBA, MJ, PGD IN YOGA, PGDCA, PGDJ, DCA, Ph.D Commerce
जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
7777884998, 8871007980, 9229207980
शुभेच्छुः महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति.
डॉ.व्ही.के. अग्रवाल अध्यक्ष | अजय दानी कोषाध्यक्ष | डॉ. अमित अग्रवाल सचिव


SUCCESSLINE EDUCATION
Most TRUSTED Educational Consultancy in Chhattisgarh
MBBS BAMS BDS MD/MS BHMS MDS
Chhattisgarh, Jharkhand, Chennai, Bihar, Deemed University, Muslim Minority College
Madhya Pradesh, Uttarakhand, Uttar Pradesh, Rajasthan
We provide management quota, NRI and Deemed University Admission Guidance
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
क्योंकि हम नहीं हमारा Guidance बोलता है...
8349063108
3rd Floor, Shyam Plaza, Near Pandri Bus Stand, Raipur www.successline.in

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्ट्रेस को डॉक्टर के बजाय कहीं और ले गई टीम, लगे गंभीर आरोप

चीन की मशहूर एक्ट्रेस झाओ लुसी ने एक संगीन और सनसनीखेज दावा किया है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर अपनी दर्दनाक आपबीती सुनाई है। बताया कि वह डिप्रेशन की बीमारी से जूझ रही थीं और उनकी टैलेंट



एजेंसी उन्हेंर भूत भगाने वाले ओझा के पास लेकर गई थी। चीनी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रे स झाओ लुसी के साथ कुछ ऐसा हुआ है, जो आपका दिल दहला देगा। 26 साल की एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर अपनी दर्दनाक आपबीती सुनाई है। रोज़ी झाओ के नाम से फैंस के बीच पॉपुलर एक्ट्रेस ने बताया है कि वह डिप्रेशन की बीमारी से जूझ रही हैं। लेकिन हैरान करने वाली बात ये है कि उनकी इस मानसिक हालत में भी उनकी टैलेंट एजेंसी टीम ने उनका इलाज किसी डॉक्टेर से करवाने की बाजय झाड़-फूंक का सहारा लिया है। झाओ ने आरोप लगाया है कि टैलेंट एजेंसी उनकी हालत के लिए 'भूत-प्रेत' को जिम्मेदार मानती है और इसे भगाने के लिए उन्हेंह मजबूर किया गया। एक वायरल वीडियो में झाओ लुसी ने डिप्रेशन के बीच अपने इस दर्दनाक आपबीती को बयां किया है। वह बताती हैं कि उन्हें अस्पताल ले जाने की बजाय, एक होटल के कमरे में बंद कर दिया गया और भूत-प्रेत भगाने का काम किया गया। वीडियो में वह कहती हैं, 'मैं बीमार थी और मुझे डॉक्टर के पास ले जाने के बजाय, मुझे एक होटल में बंद कर दिया और एक ओझा को बुलाकर मेरा भूत भगाने के लिए कह गया। वो लगातार कहते रहे कि किसी ने मुझ पर श्राप डाल दिया है।

### भोजपुरी

## आम्रपाली दुबे और निरहुआ के नए गाने 'बीड़ी' ने काटा गदर

आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का नया भोजपुरी गाना 'बीड़ी' आया है, जिसने तहलका मचा दिया है। फैंस गाना देखकर झूम उठे हैं, पर उन्हें आम्रपाली और निरहुआ से ज्यादा कुछ और ही चीज पसंद आई है। भोजपुरी की



स्टार जोड़ी निरहुआ और आम्रपाली दुबे का काफी समय बाद तड़कता-भड़कता और धमाकेदार गाना आया है, जिसका नाम है 'बीड़ी'...और इस गाने ने आते ही यूट्यूब पर गर्दा उड़ा दिया है। भोजपुरी के फैंस भी आम्रपाली और निरहुआ की जुगलबंदी देख फिदा हो गए हैं। गाने के म्यूजिक की भी खूब तारीफ हो रही है। इस गाने को अभी तक ढाई लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है।
'बीड़ी' इसी नाम की एल्बम का गाना है, जिसे दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे ने गाया है। गाना भी इन्हीं दोनों पर फिल्माया गया है। आइए आपको बताते हैं कि भोजपुरी गाने 'बीड़ी' में क्या खास है और इसे देखकर फैंस का क्या कहना है।'बीड़ी' में पति-पत्नी की प्यार भरी नोंक-झोंक दिखाई गई है। एक तरफ पत्नी (आम्रपाली दुबे) है, जिसे बीड़ी पीने का शौक है और वह रोज-रोज अपनी साड़ी जला लेती है। दूसरी ओर है पति (निरहुआ), जिसे पान खाने का इस कदर शौक है कि खाते वक्त होश ही नहीं रहता और कुर्ता गंदा कर लेता है। इस गाने की खासियत है बिहार का फोक म्यूजिक। दरअसल, 'बीड़ी' में बिहार के पुराने फोक म्यूजिक का इस्तेमाल किया गया है, जिसे सुनकर किसी का भी दिल झूम उठे। फैंस लाखों बार इस वीडियो को देख चुके हैं और उतनी ही बार यह फोक म्यूजिक उनके दिलों में और गहराई से उतर गया है। 'बीड़ी' में आम्रपाली-निरहुआ ने जीता दिल, फैंस बोले- वायरल होगा गाना 'बीड़ी' का वीडियो और आम्रपाली-निरहुआ की केमिस्ट्री देख फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक ने वीडियो पर कमेंट किया है, 'एकदम देसी स्टाइल, मजा आ गया।' एक बोला, 'अरे भाई लो सन 2025 ही नु चलता।

### टॉलीवुड

## सुपरस्टार का महाफ्लॉप बेटा, 85 करोड़ की इनकी फिल्म ने कमाए सिर्फ 9 करोड़

साल 2023 में अखिल अक्किनेनी की फिल्म 'एजेंट' रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। फिल्म में अखिल ने कड़ी मेहनत की थी। मेकर्स ने भी फिल्म पर खूब पैसा लगाया। फिल्म का बजट 85 करोड़ था,



लेकिन फिल्म सिर्फ 9 करोड़ ही कमा पाई। अपने दौर के सुपर स्टार नागार्जुन और अभिनेत्री अमला के बेटे अखिल की फिल्में कुछ ज्यादा असर नहीं डाल पा रही है। कोविड-19 के बाद से, फिल्ममेकर्स जोखिम भरे निवेशों को लेकर सतर्क रहे हैं, फिर भी अखिल अक्किनेनी के साथ ऐसा ही एक दांव बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह नाकाम रहा।
बात हो रही है फिल्म 'एजेंट' की, जो 2023 में रिलीज हुई थी। लगभग दो साल बाद भी, अखिल अक्किनेनी के फैंस इस निराशा से उबर नहीं पा रहे हैं। अपने करियर के नौ साल पूरे होने के बावजूद, अभिनेता अभी तक लगातार हिट फिल्में नहीं दे पाए हैं और एजेंट एक और महंगा झटका साबित हुई। अखिल अक्किनेनी की पहली फिल्म 'अखिलः द पावर ऑफ जुआ' एक बड़ी आपदा साबित हुई, जो लगभग 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी, लेकिन इसकी एक-चौथाई से भी कम कमाई हो पाई। उनकी अगली फिल्म 'हैलो' ने तारीफ बटोरी, लेकिन व्यावसायिक रूप से असफल रही, जबकि मिस्टर मजनू भी फ्लॉप रही। बोम्मारिलु भास्कर की निर्देशित मोस्ट एलिजिबल बैचलर के साथ ही उन्हें आखिरकार अपनी पहली हिट फिल्म मिली।

### लाइफ स्टाइल

## इंडो-वेस्टर्न का मेल



भारतीय दूल्हों के लिए परफेक्ट इंडो-वेस्टर्न वेडिंग आउटफिट इन दिनों ट्रेंड कर रहा है। इस ट्रेंड में हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और समकालीन वैश्विक रुझानों का बेहतरीन मेल है। आज शादी पर भारतीय पुरुष ऐसा पहनावा चाहते है जो परंपराओं का सम्मान करते हुए नएपन को अपनाए। ऐसे में इंडो-वेस्टर्न पहनावा आपको अपनी जड़ों का सम्मान करते हुए अपने व्यक्तित्व को उजागर करने की आज़ादी देता है।

## आंखों की सूजन कम करने आजमाएं ये तरीका

मैं यदि रात को चावल खा लूं तो सुबह मेरे चेहरे और आंखों पर सूजन आ जाती है। इसी तरह हो सकता है कि किसी कारणवश आपकी आंखों में भी सूजन आ जाए। सुबह आप ऑफिस जाने के लिए तैयार हों और आंखों में पफी बैग्स बने हों, तो कितना खराब लगेगा। आंखों के नीचे बने ये बैग्स आमतौर पर खुद ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन अगर आपको जल्दी कोई हल चाहिए, तो क्या करेंगे?
क्या आपने कभी चाय पत्ती का इस्तेमाल करके देखा है? नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि चायपत्ती में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं जो कई कंडीशन्स को सुधारने और नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं। यह एक ऐसा इंएक्सपेंसिव ऑप्शन है, जो बिना किसी नुकसान के आपकी आंखों के नीचे बने बैग्स को दूर करने में मदद करेगा। अगर आपकी आंखों में दर्द या जलन हो रही है या फिर आंखें थक चुकी हैं, तो भी टी बैग्स आपकी मदद कर सकते हैं। टी बैग्स बेनिफिट्स जानने के साथ ही उन्हें अप्लाई करने का सही तरीका आपको जानना चाहिए। साथ ही जानिए कि इन्हें किस वक्त लगाना ज्यादा बेहतर हो सकता है।

### ठंडे टी बैग्स आंखों पर लगाने के बेनिफिट्स

ठंडे टी बैग्स आंखों पर लगाने के कई फायदे हैं। यह कोल्ड कंप्रेस की तरह का काम करता है। यह एक अफॉर्डेबल ट्रीटमेंट है, जिसकी मदद से आपके छोटे-मोटे कंसर्न्स दूर हो सकते हैं। आंखों में होने वाली रेडनेस, जलन, सूजन, पफीनेस आदि को दूर करने के लिए टी बैग्स का कोल्ड कंप्रेस काफी मदद करता है। इतना ही नहीं, आंखों के नीचे बने डार्क सर्कल्स को भी इसकी मदद से दूर किया जा सकता है।



ठंडे टी-बैग आंखों की सूजन, काले घेरों को कम करने और आंखों को आराम देने में मदद करते हैं। चाय में मौजूद कैफीन रक्त वाहिकाओं को सिकोड़कर सूजन और काले घेरों को कम करता है, जबकि एंटीऑक्सीडेंट और फ्लेवोनोइड्स त्वचा को कसते हैं और सूजन-रोधी लाभ प्रदान करते हैं. यह आंखों को तरोताजा भी करता है और हल्की जलन से राहत दिलाता है।


### ठंडे टी-बैग के फ़ायदे

सूजन और फुलाव कम करता है। ठंडे टी-बैग रक्त वाहिकाओं को संकुचित करते हैं, जिससे आंखों के नीचे की सूजन कम होती है। काले घेरे कम करता है।कैफीन और एंटीऑक्सीडेंट काले घेरों को कम करने में मदद करते हैं।

## क्लासी लुक के लिए ऑफिस में पहनिए शानदार इयररिंग्स



ऑफिस जाने के लिए जिस तरीके से हम अपने आउटफिट का खास ध्यान रखते हैं वैसे ही हम एक्सेसरीज कौन सी स्टाइल करें। इसके बारे में भी हमेशा सोचते रहते हैं। कई बार ऐसे आउटफिट में ऑफिस में वियर करते हैं जिनके साथ समझ नहीं आता कि कौन से इयररिंग्स को स्टाइल करें ताकि खूबसूरत नजर आएं। ऐसे में आप यहां से इयररिंग्स डिजाइन का ऑप्शन सर्च कर सकती हैं ताकि लुक भी क्लासी लगे और आप इन्हें स्टाइल करके कम्फर्टेबल फील कर सके।





### हार्ट शेप स्टड इयररिंग्स

अगर आपको स्टड इयररिंग्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप हार्ट शेप वाले ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स दिखने में छोटे होते हैं लेकिन पहनने में काफी क्लासी लगते हैं। इसे आप आसानी से ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरीके के डिजाइन और ऑप्शन मिल जाएंगे। इन्हें स्टाइल करना आप इसलिए भी पसंद करेंगी, क्योंकि ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से स्टाइल हो जाते हैं। इसे आप शर्ट पैंट, ड्रेस या फिर जींस टॉप के साथ भी पहन सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 250 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

### हूप्स इयररिंग्स

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के हूप्स इयररिंग्स के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस वियर ड्रेस (ऑफिस में स्टाइल करें ये आउटफिट) के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको स्टोन वर्क हूप्स, सिंपल हूप्स, जिकजैक हूप्स वैगरह जैसे और भी ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ऑफिस में पहन सकती हैं। इसकी खास बात ये है कि ये छोटे होते हैं आसानी से आप डेली वियर कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 200 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स


पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी आजकल काफी ट्रेंड में है अगर आप भी इस तरीके की ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं तो ऑफिस के लिए इसमें छोटे पेयर ऑफ पर्ल इयररिंग्स (पर्ल ज्वेलरी डिजाइन) को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स देखने में भी अच्छे लगते हैं साथ ही पहनने के बाद आपके लुक को क्लासी बनाते हैं। इसे आप ड्रेस के साथ स्टाइल करेंगी तो काफी खूबसूरत लगेंगी।

## साड़ी के साथ ट्राई करें बैक डोरी ब्लाउज डिजाइन, मिलेगी तारीफ

साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। लेकिन उसके साथ सिर्फ सेम डिजाइन का ब्लाउज पहनकर आप बोर हो गई होंगी। ऐसे में आपका भी मन होता होगा कुछ नए डिजाइन ट्राई करने का। इसके लिए आप डोरी वाले ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ये ब्लाउज भी साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इनकी खास बात ये होती है कि ये सिंपल साड़ी लुक को भी स्टाइलिश बना देते हैं। अगर आपको बैक डोरी वाले ब्लाउज पसंद है तो ये डिजाइन आपको काफी अच्छे लगेंगे।

### डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन

अगर आप एक ही तरह के ब्लाउज डिजाइन पहनकर बोर हो गई हैं तो इस बार ट्राई करें डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन। इस तरीके के ब्लाउज काफी क्लासी लुक देते हैं। इसमें बैक डीप होती है साथ ही ऊपर बाजू के पास और नीचे कमर पर डोरी लगाई जाती है। इससे ब्लाउज और ज्यादा अच्छा लगने लगता है। इसका जो बो नीचे की तरफ बनाया जाता है वो थोड़ा चौड़ा होता है और ऊपर की डोरी पतली



रखी जाती है। इस तरीके के डोरी डिजाइन वाले ब्लाउज सिल्क साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं।

### लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन

बिना डीप रखे अगर आपको अपने ब्लाउज डिजाइन को खूबसूरत दिखाना है तो इसके लिए आप लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज में आपको पीछे के नेकलाइन को डीप नहीं रखना पड़ेगा। बस आपको इसके लिए लेयर डोरी बनानी होगी। इसके लिए आपको एक ट्रायंगल बनाना है फिर दूसरा बनाना है।

## त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद ग्लिसरीन

इस मौसम में कभी बारिश हो रही है तो कभी तेज धूप निकल रही है। बदलते इस मौसम का सीधा प्रभाव लोगों की त्वचा पर पड़ने लगा है। इस बदलते मौसम में अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल आप त्वचा का ध्यान रखने के लिए कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं ग्लिसरीन की, जिसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा काफी ग्लोइंग हो जाएगी।
अगर आप अपने चेहरे पर सीधा ऐसे ही ग्लिसरीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसका ज्यादा कुछ असर देखने को नहीं मिलेगा लेकिन अगर आप कुछ चीजों को इसके साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएंगे तो असर कुछ दिन में दिखने लगेगा। आज के इस लेख में हम आपको ऐसी 5 चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल आप ग्लिसरीन में मिलाकर कर सकते हैं। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं। अगर आपकी त्वचा काफी रूखी है तो ग्लिसरीन में गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं।
इससे आपकी त्वचा की नमी बरकरार रहेगी और साथ ही में चेहरा भी ग्लो करेगा। अगर आप चेहरे पर होने वाले पिंपल्स के दाग-धब्बों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो मुल्तानी मिट्टी और ग्लिसरीन को मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। इस पैक को कुछ समय चेहरे पर लगाएं



और फिर चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अगर आप पिगमेंटेशन से परेशान हैं तो ग्लिसरीन के साथ शहद को मिलाकर लगाएं।
एक्ने और पिंपल से छुटकारा पाने के लिए भी आप इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप स्किन पर खुजली और लालिमा से परेशान हैं तो ग्लिसरीन में नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा ग्लो करेगा। ग्लिसरीन आपको बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। रोजाना इसके इस्तेमाल से आपको कई फायदे मिलते हैं। ग्लिसरीन का इस्तेमाल करके आप न सिर्फ त्वचा की नमी बरकरार रख सकते हैं बल्कि पिंपल, एक्ने और दाग-धब्बों की समस्या से भी राहत पा सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### सुंदर दिखने जरूर आजमाएं टिप्स, लोग चाहेंगे आप जैसा मेकअप

## नाइट पार्टी में परफेक्ट दिखना चाहती हैं तो इन मेकअप लुक्स को करें फॉलो

बहुत सी बॉलीवुड एक्ट्रेस अक्सर अपने लुक्स सोशल मीडिया पर काफी फेमस रहती हैं, ज्यादातर लड़कियां उनके मेकअप लुक्स को फॉलो भी करती हैं। अगर आप भी पार्टी मेकअप के लिए कुछ नया लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इनके शेयर किए गए लुक्स को ट्राई कर सकती हैं और सुंदर दिख सकती हैं। जरूरी नहीं कि आप हमेशा ऐसा ही लुक्स रखें लेकिन कुछ खास मौके पर इन्हें आजमा सकती हैं।

### न्यूड मेकअप लुक्स

आजकल पार्टी के लिए न्यूड मेकअप लुक काफी पसंद किया जा रहा है। ये लुक देखने में मिनिमल लगता है लेकिन इसे क्रिएट करने में काफी समय लगता है। इस बेस को करने के लिए आपको हैवी बेस या फिर बोल्ड आंखों की जरूरत नहीं है, बल्कि आप केवल कंसीलर और ब्रोंजर की मदद से इस लुक को क्रिएट कर सकती हैं। आप चाहे तो इसके साथ लिप्स को न्यूड और आंखों को बोल्ड कर सकती हैं। इसके लिए भी आपको न्यूड और



ब्लैक शेड का इस्तेमाल करना होगा। पार्टी के लिए ये लुक काफी क्लासी लगते हैं इन्हें आप किसी भी आउटफिट के साथ क्रिएट कर सकती हैं।

### ग्लॉसी मेकअप लुक्स

अगर आपको पार्टी ग्लोइंग स्किन चाहिए तो इसके लिए आप ग्लॉसी मेकअप (मिनिमल मेकअप लुक) लुक्स क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए आपको बेस के साथ हाइलाइटर का इस्तेमाल करना होगा। आप इस मेकअप लुक के लिए आंखों पर शिमर कलर का इस्तेमाल करें। लिप्स के लिए आपको मैट की जगह ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करना है। इस तरीके के लुक के बाद आपकी स्किन शाइन करती है। ऐसे मेकअप लुक्स को आप पार्टी में ट्राई कर सकती हैं। इस मेकअप के लिए ग्लॉसी प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें।

### बोल्ड आई मेकअप लुक

नाइट पार्टी के लिए अगर आप कुछ नया लुक सर्च कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है बोल्ड आई मेकअप लुक (परफेक्ट मेकअप लुक)। इस तरीके के लुक्स बोल्ड होते हैं साथ ही लुक को स्टाइलिश बनाते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ अपनी आंखों को बोल्ड करना होगा और लिप्स पर लाइट शेड को लगाना होगा। बेस को भी आपको थोड़ा हैवी रखना है। तभी आपका बोल्ड आई मेकअप लुक क्रिएट हो जाएगा। इस तरीके से आप अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं और पार्टी में स्टाइलिश लग सकती हैं। नाइट पार्टी में ग्लैमरस दिखने के लिए आप एक स्मोकी या शिमरी आई मेकअप लुक अपना सकती हैं।

